> “ व्यवहार में संतुलन-संयम बड़ी साधना से ही आता है।
>
> मन्नू भंडारी ”

RNI. MPHIN/2016/68439

दैनिक

# मेल पॉवर



पेज 4

वर्ष- 10 | अंक-97 | भोपाल, गुरुवार 4 सितम्बर 2025 | पेज-8 | आमंत्रण मूल्य -1 रुपए | राजधानी भोपाल से प्रसारित


## न्यूज, ब्रीफ

### पिता की हत्या मामले में दो पुत्र और पुत्रवधू गिरफ्तार

मेरठ। मेरठ जिले के जमीन के लालच और पारिवारिक विवाद के चलते अपने पिता की हत्या के आरोप में दो पुत्रों और एक पुत्रवधू सहित तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार सिसौला बुजुर्ग गांव के निवासी गुलफाम की उसके दो पुत्रों अर्सलान और फरदीन तथा पुत्रबहू शहजादी ने हत्या 30 अगस्त की रात हत्या कर दी थी। आरोपियों ने पहले कोल्डड्रिंक में नींद की गोलियां मिलाकर गुलफाम को पिलाई और फिर रस्सी से गला घोंट दिया, हत्या के बाद आरोपी अपने-अपने घर जाकर सो गए। अधिकारियों ने बताया कि मृतक की पत्नी गुलिस्ता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अर्सलान, उसकी पत्नी शहजादी और फरदीन शामिल हैं। तीनों को अदालत में पेश किया जाएगा।

### गैंगस्टर मैनपाल कंबोडिया से भारत लाया गया

गुरुग्राम। हरियाणा के मोस्टवांटेड गैंगस्टर मैनपाल बदली को गुरुग्राम स्पेशल टास्क फोर्स और केंद्रीय एजेंसियां मंगलवार को भारत लेकर आई है। मैनपाल को 10 दिन पहले कंबोडिया में हिरासत में लिया गया था। मैनपाल पर 7 लाख का इनाम है। उसे कंबोडिया से भारत लाने के लिए एसटीएफ ने सीक्रेट मिशन शुरू किया था। मैनपाल साल 2018 में पैरोल पर जेल से बाहर आया और विदेश भाग गया था। वह पिछले 7 सालों से विदेश से अपनी गैंग ऑपरेट कर रहा है। हरियाणा पुलिस की मोस्टवांटेड की सूची में मैनपाल पहले नंबर पर है। साल 2000 में उस पर अपने चाचा की हत्या का आरोप लगा था। पुलिस के मुताबिक वह ड्रग्स तस्करी और हथियारों के अवैध व्यापार में शामिल था।

### के. कविता ने पिता की पार्टी छोड़ी

नई दिल्ली। बीआरएस से निलंबित किया जाने के एक दिन बाद के कविता ने बुधवार को एमएलसी पद से इस्तीफा दे दिया है। अपने इस्तीफे के साथ कविता ने अपने पिता और बीआरएस प्रमुख के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) के खिलाफ साजिशों का आरोप लगाते हुए परिवार और पार्टी के अंदर की सियासी खींचतान को उजागर किया है। इस्तीफे के बाद कविता ने मीडिया से बातचीत में कई सनसनीखेज दावे किए जो पार्टी में गहरे मतभेदों को दशार्ते हैं। इस्तीफे के बाद कविता ने कहा, मेरा पिता मेरी प्रेरणा हैं, मैं उनके हाथ पकडकर बड़ी हुई हूं। कविता ने अपनी निलंबन के बाद पांच महिला नेताओं के एकत्र होने और चर्चा करने खुशी जताया और कहा कि महिलाओं को आगे आकर नेतृत्व करना चाहिए, लेकिन जो लोग पार्टी का इस्तेमाल स्वार्थ और अपने फायदे के लिए करना चाहते हैं। वही हमारे परिवार को बांटने की साजिश रच रहे हैं।

## नागरिकता संशोधन अधिनियम पर केंद्र का बड़ा फैसला

# पाक-बांग्लादेश-अफगानिस्तान से 2024 तक आए अल्पसंख्यक भारत में रह सकेंगे




नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने धार्मिक उत्पीड? से बचकर भारत आए अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के अल्पसंख्यक समुदायों को बड़ी राहत दी है। गृह मंत्रालय ने एक आदेश में कहा कि हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदायों के वे लोग, जो 31 दिसंबर 2024 तक भारत आए हैं, उन्हें पासपोर्ट या अन्य ट्रैवल डॉक्यूमेंट्स के बिना भी देश में रहने की अनुमति दी जाएगी। यह आदेश इमीग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्टर, 2025 के तहत जारी किया गया है। इसके तहत उन लोगों को राहत मिलेगी जो मान्य पासपोर्ट और वीजा के बिना भारत में आए या जिनके डॉक्यूमेंट्स की वैधता खत्म हो चुकी है। गृह मंत्रालय के आदेश में कहा गया है कि ऐसे लोग जो धार्मिक उत्पीड? या उसके भय से भारत आए और 31 दिसंबर 2024 तक देश में दाखिल हुए, उन्हें पासपोर्ट और वीजा रखने के नियम से छूट दी जाएगी। 31 दिसंबर 2024 तक भारत आए अल्पसंख्यक समुदायों को पासपोर्ट और वीजा की अनिवार्यता से छूट दी जाएगी। चाहे वे लोग बिना डॉक्यूमेंट्स आए हों या वैध डॉक्यूमेंट्स लेकर आए हों जिनकी अब वैधता समाप्त हो चुकी है। यह छूट विशेष रूप से उन लोगों को दी गई है जिन्हें धार्मिक उत्पीड? का सामना करना पड़ा है। गौरतलब है कि सीएए, पिछले साल लागू हुआ था। इसके तहत अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के अल्पसंख्यक समुदायों - हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई - को, अगर वे 31 दिसंबर 2014 तक भारत आ चुके हैं, तो भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान है। कई लोग 2014 के बाद भी धार्मिक उत्पीड? से बचकर भारत आए थे। इनमें खासतौर पर पाकिस्तान से आए हिंदुओं की संख्या अधिक है। ऐसे लोगों के लिए यह आदेश बड़ी राहत लेकर आया है क्योंकि अब उन्हें देश में रहने के लिए पासपोर्ट या वीजा की वैधता दिखाने की जरूरत नहीं होगी।

# बिलों पर राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने वाली राज्यों की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा

## गवर्नर बिलों को पेंडिंग नहीं रख सकते



नई दिल्ली। विधानसभा से पास बिलों पर राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने वाली राज्यों की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में लगातार सातवें दिन बुधवार को सुनवाई हुई। जजों ने कहा कि गवर्नर बिलों को अनिश्चितकाल तक लंबित नहीं रख सकते। पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और हिमाचल की सरकारों ने विधेयकों को रोककर रखने की विवेकाधिकार शक्ति का विरोध किया। कहा कि कानून बनाना विधानसभा का काम है, इसमें राज्यपालों की कोई भूमिका नहीं है। वे केवल औपचारिक प्रमुख होते हैं। चीफ जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंदुरकर की बेंच ने सुनवाई की। पश्चिम बंगाल के वकील कपिल सिब्बल ने कहा किअगर विधानसभा से पास बिल गवर्नर को भेजा जाता है, तो उन्हें उस पर हस्ताक्षर करना ही होगा। सिब्बल ने तर्क दिया कि संविधान की धारा-200 में गवर्नर के लिए संतोष (सैटिस्फैक्शन) जैसी कोई शर्त नहीं है। उन्होंने कहा कि या तो वे बिल पर हस्ताक्षर करें, या उसे राष्ट्रपति को भेज दें। लगातार रोके रखना संविधान की भावना के खिलाफ है। अगर गवर्नर मनमर्जी से बिल अटका दें तो यह लोकतंत्र को असंभव बना देगा। गवर्नरों का कानून बनाने में कोई रोल नहीं हिमाचल सरकार के वकील आनंद शर्मा ने कहा कि संघीय ढांचा (फेडरलिज्म) भारत की ताकत है और यह संविधान के बुनियादी ढांचे का हिस्सा है।

### संसद की तरह ही राज्य विधानमंडल भी संप्रभु

कपिल सिब्बल ने आगे कहा कि संसद संप्रभु है और जनता की इच्छा को तुरंत लागू किया जाना चाहिए। जब कोई विधेयक विधायिका द्वारा पारित किया जाता है तो उसे पूर्ण सांविधानिकता प्राप्त होती है और इसका परीक्षण अदालत में किया जा सकता है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य विधेयक का केंद्रीय कानून के संदर्भ में विरोधाभास भी हो सकता है। इस पर सिब्बल ने कहा विधेयक का केंद्रीय कानून के संदर्भ में विरोधाभास होना दुर्लभ मामला है, उस स्थिति में राज्यपाल अपने विवेक का प्रयोग कर सकते हैं, लेकिन राज्यपाल सुपर विधायी निकाय नहीं हो सकते। सिब्बल ने कहा, राज्य विधानमंडल की संप्रभुता भी संसद की संप्रभुता जितनी ही महत्वपूर्ण है।

## युवा नौकरी पाने वाले नहीं, रोजगार प्रदान करने वाले बनें

# बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय में आरंभ होंगे रोजगारपरक पाठ्यक्रम और विद्यार्थियों को मिलेगी बस सुविधा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## पीएम-उषा परियोजना अंतर्गत होगा निर्माण

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय में आईटी रिसोर्स सेंटर, एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट और कन्या छात्रावास का किया भूमिपूजन



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में शिक्षा के बदलते दौर में सभी विश्वविद्यालयों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए तैयार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भारत के बेहतर भविष्य की संभावनाओं के लिए दुनिया में मिसाल कायम कर रहे हैं। वे दिन गए जब भारत किसी बड़े देश के पीछे चलकर पहचान बनाता था। हमें गर्व है कि आज भारत किसी पर निर्भर नहीं है। भारत के बदलते समय का विश्वविद्यालय के छात्र पूरा उपयोग करें। हमारे युवा बेहतर तकनीक का उपयोग करते हुए देश को आगे ले जाने का सपना देखें और उसे पूरा करने के लिए परिश्रम करें। राज्य सरकार विश्वविद्यालयों के छात्रों के साथ है। हमारे युवा नौकरी पाने वाले नहीं, रोजगार देने वाले बनें। सरकार हर संभव सहायता और प्रशिक्षण उपलब्ध करा रही है। प्रदेश के विश्वविद्यालयों में कृषि संकाय की पढ़ाई शुरू की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय में सभी नए रोजगारपरक पाठ्यक्रम आरंभ करने और विद्यार्थियों को आवागमन के लिए निःशुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय परिसर में 55 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले आईटी रिसोर्स सेंटर, स्टूडियो, कन्वेंशन हॉल और इंक्यूबेशन सेंटर तथा एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट व कन्या छात्रावास का भूमिपूजन कर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीएम उषा परियोजना के भूमिपूजन और दीक्षारंभ कार्यक्रम में गणपति बप्पा मोरया के जयघोष एवं सरस्वती माता को नमन करते हुए अपना संबोधन आरंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल के सभी क्षेत्रों को विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। भोपाल में मेट्रो की शुरूआत होने वाली है। इसके साथ भोपाल के पास मेट्रो और अत्याधुनिक रेल कोच निर्माण के लिए बीईएमएल की इकाई का भूमि-पूजन हो चुका है। भारतीय रेल के हाईस्पीड कोच भी इस कारखाने में बनाए जाएंगे। भोपाल को पर्यटन के क्षेत्र में भी एक बड़ी सौगात मिलने वाली है। अब बड़ी झील में कश्मीर की तर्ज पर शिकारे चलाए जाएंगे। भोपाल से इंदौर, जबलपुर और रीवा के लिए नए ग्रीन फील्ड हाइवे तैयार किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में पीएम मित्रा का निर्माण हो रहा है। हमारे किसानों द्वारा उत्पादित कपास की मांग दुनिया में है। प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर मिलें। प्रदेश में रेडीमेड गारमेंट के नए उद्योग शुरू हों, इसके लिए दिल्ली में निवेशकों और उद्योग घरानों को आज चर्चा के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। भविष्य में मध्यप्रदेश के युवा फैशन डिजाइनिंग और रेडीमेड गारमेंट इंडस्ट्री में अग्रणी बनें, इसके लिए राज्य सरकार निश्चित कार्ययोजना बना रही है। उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में बदलाव का बीड़ा उठाया है। पूर्व में उच्च शिक्षा मंत्री रहते हुए उन्होंने जिस विजन से कार्य किया, उसके सुखद परिणाम अब सामने आने लगे हैं। राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित हैं।

## गैंगस्टर की मौत

# आतंक पर चुप्पी क्यों, मौत पर शोर क्यों?









इंदौर। इंदौर के गैंगस्टर सलमान लाला की मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जब वह लोगों पर अत्याचार करता था, तब उसकी कोई रील्स या खबर वायरल नहीं हुई थी। अब जब वह पुलिस से बचते-बचाते मारा गया है, तो उसे हीरो बनाया जा रहा है। यह एक विचित्र और परेशान करने वाली स्थिति है। एक अपराधी जिसके अपराधों से शहर में दहशत फैली हुई थी, उसकी मौत के बाद उसकी छवि को एक हीरो के रूप में पेश किया जा रहा है। उसके अपराधों को भुलाकर उसकी मौत को महिमामंडित किया जा रहा है। इस घटना से यह सवाल उठता है कि क्या हम वास्तव में एक अपराधी और एक नायक के बीच का अंतर भूल गए हैं? क्या सोशल मीडिया और वायरल ट्रेंड्स हमें यह सिखा रहे हैं कि किसी की मौत को सनसनीखेज बनाना, उसके जीवन में किए गए अत्याचारों से ज्यादा महत्वपूर्ण है? यह प्रवृत्ति न केवल पीड़ितों का अपमान करती है, बल्कि अपराध को भी बढ़ावा देती है। ?सलमान लाला की मौत को लेकर जो बातें सामने आ रही हैं, वे समाज के लिए एक चेतावनी हैं। यह हमें सोचने पर मजबूर करती हैं कि हम किस दिशा में जा रहे हैं, जहां एक अपराधी का जीवन उसके पीड़ितों के जीवन से ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है। हमें इस प्रवृत्ति को रोकना होगा और अपराध को अपराध के रूप में ही देखना होगा, न कि मनोरंजन का जरिया।

## भारत-अमेरिका के बीच नवंबर तक हो सकती है ट्रेड डील

# पियूष गोयल बोले- चीजें जल्द ही पटरी पर लौटेंगी



नई दिल्ली। ट्रम्प के भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने और दोनों देशों में बढ़ते तनाव के बीच केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका के साथ ट्रेड डील होने की उम्मीद जताई है। पियूष गोयल ने एक वैश्विक निवेशक सम्मेलन में कहा मुझे उम्मीद है कि चीजें जल्द ही पटरी पर लौट आएंगी और हम नवंबर तक बाइलेटरल ट्रेड एग्रीमेंट को अंतिम रूप दे देंगे। फरवरी में दोनों देशों के नेताओं के बीच यही चर्चा हुई थी। उन्होंने एक अन्य कार्यक्रम में यह भी कहा कि भारत इस व्यापार समझौते के लिए अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है। हालांकि अभी तक, दोनों देशों में से किसी ने भी ट्रेड डील पर बातचीत के नए दौर की घोषणा नहीं की है। इससे पहले, बातचीत के लिए अमेरिकी डेलिगेशन का 25 अगस्त को नई दिल्ली का दौरा स्थगित हो गया था।

### डेयरी प्रोडक्ट्स को लेकर विवाद

अमेरिका चाहता है कि उसके डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, पनीर, घी को भारत में आयात की अनुमति मिले। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और इस सेक्टर में करोड़ों छोटे किसान लगे हुए हैं। भारत सरकार को डर है कि अगर अमेरिकी डेयरी उत्पाद भारत में आएंगे, तो वे स्थानीय किसानों को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा धार्मिक भावना भी जुड़ी हुई हैं। अमेरिका में गायों को बेहतर पोषण के लिए जानवरों की हड्डियों से बने एंजाइम (जैसे रैनेट) को उनके खाने में मिलाया जाता है। भारत ऐसी गायों के दूध को नॉन वेज मिल्क यानी मांसाहारी दूध मानता है।

# केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान बाढ़ से हुए व्यापक नुकसान का आकलन करने के लिए पंजाब का दौरा करेंगे



नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पंजाब में बाढ़ से हुए व्यापक नुकसान का आकलन करने के लिए राज्य का दौरा करेंगे। इससे पहले उन्होंने बुधवार को पंजाब के राज्यपाल और मुख्यमंत्री से बाढ़ की स्थिति को लेकर चर्चा की। राज्य में लगातार हो रही बारिश से फसलों को भारी नुकसान हुआ है। शिवराज सिंह चौहान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्ल पर लिखा, ह्लमैंने पंजाब में भारी बारिश के कारण उत्पन्न बाढ़ की स्थिति पर पंजाब के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री से चर्चा की और विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मैं गुरुवार सुबह पंजाब पहुंचकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अपने भाई-बहनों से मिलूंगा। संकट की इस घड़ी में केंद्र सरकार पूरी मजबूती के साथ पंजाब के भाई-बहनों के साथ खड़ी है और हर संभव सहायता प्रदान करेगी। आपको बता दें कि लगातार भारी बारिश और भाखड़ा समेत प्रमुख बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण नदियां उफान पर हैं, जिससे पंजाब भीषण बाढ़ की चपेट में है। बाढ़ ने कम से कम 12 जिलों में तबाही मचाई है, जिसमें करीब 30 लोग मारे गए हैं, लाखों निवासी प्रभावित हुए हैं। पटियाला, जालंधर, कपूरथला, नवांशहर, रूपनगर, मोगा, लुधियाना, बरनाला और संगरूर जैसे जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। वहीं, मुख्यमंत्री भगवंत मान के अनुसार, 1,300 से ज्यादा गांव जलमग्न हैं और लगभग तीन लाख एकड़ कृषि भूमि, खासकर धान की फसल कटाई के मौसम से कुछ हफ्ते पहले ही बर्बाद हो गई है। भारतीय मौसम विभाग ने कई क्षेत्रों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है और चेतावनी दी है कि आगे भारी बारिश से स्थिति और बिगड़ सकती है। बचाव और राहत अभियान जारी है।

### कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण की नई पहल भारती

नई दिल्ली। कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की मौजूदगी में अपनी नई पहल भारती की शुरूआत की। इस मौके पर संयुक्त अरब अमीरात के विदेश व्यापार मंत्री डॉ. थानी बिन अहमद अल जायौदी और केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान भी उपस्थित रहे। भारती (भारत का कृषि प्रौद्योगिकी, लचीलापन, उन्नति और निर्यात सक्षमता हेतु इनक्यूबेशन केंद्र) का उद्देश्य 100 कृषि-खाद्य और कृषि-तकनीक स्टार्टअप्स को सशक्त बनाना, नवाचार को बढ़ावा देना और 2030 तक 50 अरब डॉलर के कृषि-खाद्य निर्यात लक्ष्य का हासिल करना है। सितंबर 2025 से शुरू होने वाला पहला पायलट समूह उच्च-मूल्य वाले कृषि-खाद्य उत्पादकों, प्रौद्योगिकी-संचालित सेवा प्रदाताओं और नवप्रवर्तकों को समर्थन देगा। यह पहल जीआई-टैग वाले उत्पादों, जैविक खाद्य पदार्थों, सुपरफूड्स, पशुधन उत्पादों और आयुष उत्पादों में नवाचार को बढ़ावा देगी। साथ ही, यह एआई-आधारित गुणवत्ता नियंत्रण, ब्लॉकचेन ट्रेसेबिलिटी, आईओटी-सक्षम कोल्ड चेन और एग्री-फिनटेक जैसे उन्नत तकनीकी क्षेत्रों पर केंद्रित होगी। भारती का लक्ष्य उत्पाद विकास, गुणवत्ता आश्वासन, अपव्यय और रसद जैसी निर्यात चुनौतियों का समाधान करना है।

## जीएसटी काउंसिल की मीटिंग शुरू

# 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत स्लैब को मंजूरी मिल सकती है

## घी-मक्खन से एससी-टीवी, फ्रीज तक सस्ती हो जाएंगी 175 चीजें



नई दिल्ली। जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग बुधवार से नई दिल्ली में शुरू हो गई है। इस दो दिन की मीटिंग में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में गुड्स एंड सर्विस टैक्स यानी जीएसटी दरों के प्रस्तावों और सुधारों पर चर्चा होगी। केंद्र सरकार टैक्स के मौजूदा स्ट्रक्चर को सरल करने के लिए दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत लागू करने का प्रस्ताव ला रही है। वहीं, लग्जरी आइटम्स 40 प्रतिशत के दायरे में आएंगे। अभी जीएसटी के 4 स्लैब- 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत, और 28 प्रतिशत हैं। 4 सितंबर को यह मीटिंग खत्म होगी। इसके बाद मीटिंग में लिए गए फैसलों का ऐलान किया जा सकता है। जीएसटी काउंसिल की इस बैठक में कई बड़े ऐलान हो सकते हैं। साथ ही दिवाली पर लागू होने वाले नए जीएसटी रिटर्न के तहत दो टैक्स स्लैब और आम आदमी से जुड़ी चीजें सस्ती करने पर मुहर लग सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी कहा है कि दो दिन चलने वाले इस बैठक में दरों को युक्तिसंगत बनाने के मुद्दे पर चर्चा होने की उम्मीद है, जिसमें डेली यूज के साथ-साथ महंगी वस्तुएं भी सस्ती होंगी। केंद्र के प्रस्ताव के अनुसार, अब सिर्फ दो जीएसटी स्लैब हो सकते हैं। इसमें 28 प्रतिशत वाले स्लैब में आने वाली सभी वस्तुएं, हानिकारक वस्तुओं को छोडकर, 18 प्रतिशत वाले स्लैब में शामिल हो सकती हैं और 12 प्रतिशत वाले स्लैब की वस्तुएं 5 प्रतिशत वाले स्लैब में आ सकती हैं। 40 प्रतिशत का एक और स्लैब होगा, जो 6-7 वस्तुओं पर लगाया जाएगा, जिनमें से ज्यादातर हानिकारक और लग्जरी वस्तुएं होंगी। 175 वस्तुएं हो सकती हैं सस्ती मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के मुताबिक, आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि करीब 175 वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती हो सकती है, जिनमें खाद्य पदार्थ, बादाम, स्नैक्स, रेडी-टू-ईट आइटम, जैम, घी, मक्खन, अचार, मुरब्बा, चटनी, ऑटोमोबाइल, ट्रैक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, एसी, रेफ्रिजरेटर आदि चीजें शामिल हैं। सूत्रों का कहना है कि अगर मंत्रिसमूह (जीओएम) के रेट कटौती प्रस्ताव को जीएसटी काउंसिल स्वीकार कर लेती है तो सभी वस्तुओं पर औसत जीएसटी दर, जो वर्तमान में लगभग 11.5 प्रतिशत है, घटकर 10 प्रतिशत से नीचे आ जाएगी। 12-28 प्रतिशत स्लैब में आने वाली कुछ खास वस्तुएं घी,मक्खन, चीज, पैक्ड फ्रोजन सब्जियां, फ्रूट जूस (अधिकतर, नॉन-एरेटेड), छाता, सोलर वॉटर हीटर, कृषि उपकरण, एयर कंडीशनर, सीमेंट और कार/एसयूवी। हेल्थ और इंश्योरेंस को जीएसटी से छूट मंत्रियों के समूहों का प्रस्ताव है कि स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम को जीएसटी दायरे से अलग रखना चाहिए। यानी इसपर टैक्स नहीं लगाया जाना चाहिए।

## दिल्ली में यमुना का पानी घरों में घुसा

# पूरे पंजाब में बाढ़, जयपुर के सरकारी अस्पताल में पानी भरा

नई दिल्ली। पंजाब में बुधवार को भी तेज बारिश जारी है। 23 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। 1200 से ज्यादा गांवों में पानी भरा है। अब तक 30 लोगों की मौत हुई है। 3 लोग लापता हैं। सभी स्कूल-कॉलेजों को 7 सितंबर तक बंद करने का फैसला लिया गया है। हरियाणा में झज्जर, हिसार, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और पंचकूला के कई हिस्सों में 3-5 फीट तक पानी भरा है। यहां के 200 से ज्यादा स्कूल बंद हैं। अंबाला के सैकड़ों घरों में 2-4 फीट पानी भरा हुआ है। हथिनीकुंड बैराज से 67 घंटे से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। दिल्ली में यमुना नदी खतरे के निशान (205 मीटर) के ऊपर 207 मीटर पर बह रही है। नदी के पास बना लोहे का पुल बंद किया गया है। यमुना बाजार-तिब्बती बाजार, मोनेस्ट्री मार्केट समेत निचले इलाकों में पानी भरा है। यहां से 10 हजार लोगों को रेस्क्यू किया गया है। दिल्ली में बुधवार को सभी स्कूल बंद रखे गए हैं। राजस्थान के जयपुर में तेज बारिश जारी है। शहर के कई पॉश इलाके डूब गए हैं और सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एसएमएस में पानी भर गया है। वहीं, कोटा के दरा रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर लैंडस्लाइड हुई हैं।

### हिमाचल में 1300 सडकें बंद

उत्तर प्रदेश के नोएडा में यमुना के जलस्तर के बढ? से 1000 फार्महाउस में पानी भर गया। यहां से लोगों को रेस्क्यू किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी

**विदिशा (निप्र)।** ग्राम गेंदाबर्री में निवास रत श्रीमती ममता बंजारा पति छगन बंजारा को प्रसव पीड़ा के दौरान 30 अगस्त की रात्रि में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरखेड़ा जागीर लाया गया था, परंतु संस्था में ताला लगा पाया गया जिसके फलस्वरूप गर्भवती महिला व उनके परिजनों को अनावश्यक रूप से परेशान होना पड़ा और रास्ते में ही प्रसव हो गया। शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने व चिकित्सा संस्थान में ताला लगा पाए जाने पर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नटेरन द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ फार्मासिस्ट डॉक्टर विजय सिंह ठाकुर, श्री मुकेश आर्य, नर्सिंग ऑफिसर प्रीति बुनकर, एएनएम प्रेमा बिष्ट और वार्ड बाय आरती चौकसे को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### एएनएम और आशा कार्यकर्ता का आठ-आठ दिवस का वेतन काटा

**विदिशा (निप्र)।** ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नटेरन द्वारा आदेश जारी किया गया है कि गर्भवती महिला को सुरक्षित अस्पताल नहीं पहचाने एवं स्टाफ नर्स की अनुपस्थिति में एएनएम द्वारा अस्पताल में ड्यूटी पर उपस्थित नहीं होने से हितग्राही का रास्ते में प्रसव हो गया जो कि स्वास्थ्य विभाग की छवि धूमिल करता है शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर एएनएम प्रेमा बिष्ट और आशा कार्यकर्ता कालापाठा प्रियंका चौकसे इन दोनों कर्मियों का आठ-आठ दिवस का वेतन तत्काल प्रभाव से काटे जाने का आदेश जारी किया गया है। गौरतलब हो कि ग्राम गेंदाबर्री में निवासरत श्रीमती ममता बंजारा पति छगन बंजारा को प्रसव पीड़ा के दौरान 30 अगस्त की रात्रि में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरखेड़ा जागीर लाया गया था, परंतु संस्था में ताला लगा पाया गया जिसके फलस्वरूप गर्भवती महिला व उनके परिजनों को अनावश्यक रूप से परेशान होना पड़ा और रास्ते में ही प्रसव हो गया था।

### शिविर आयोजित कर ड्राप आउट विद्यार्थियों को किया गया आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रोत्साहित

**सीहोर (निप्र)।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में विद्यार्थियों के ड्रॉपआउट को रोकने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में ड्रॉपआउट विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन शिविर आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को शिविर में शामिल होने के लिए फोन पर संपर्क कर सूचित किया गया था। शिविर में डाइट प्राचार्य डॉ अनिता बड़गूजर एवं श्रीमती स्वाती भालेराव ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की महत्ता के बारे में बताते हुए आगे की अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिये प्रेरित किया। इस शिविर का परिणाम यहा हुआ कि शिविर में शामिल हुए सभी विद्यार्थियों में से 20 विद्यार्थियों ने अपनी आगे की पढ़ाई जारी रखने और उच्च शिक्षा के लिए प्रवेश लेने के लिए लिखित सहमति भी दी। इस अवसर पर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ आमिर एजाज सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

### विमुक्त जाति दिवस पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कार्यक्रम आयोजित

**रायसेन (निप्र)।** विमुक्त जाति दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सभाकक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विमुक्त जाति समुदाय के अध्यक्ष श्री मोहर सिंह पाल, जिला संयोजक श्री संतोष रघुवंशी एवं अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी तथा छात्रावास के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों को आज के दिन का महत्व एवं विमुक्त घुमंतू विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों द्वारा योजनाओं का लाभ मिलने से आ रहे बदलाव तथा अपने अनुभव साझा किए गए।

# भारत निर्वाचन आयोग की टीम का विदिशा भ्रमण टीम ने बीएलओ के कार्यों की समीक्षा की

**विदिशा (निप्र)।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली की टीम द्वारा आज विदिशा जिले में बीएलओ द्वारा संपादित किया जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभा कक्ष में एक बैठक आयोजित कर बीएलओ से संवाद किया गया और उन्हें अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके पहले टीम द्वारा विधि से विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया और यहां उपस्थित बीएलओ से संवाद किया।

बैठक उपरांत कलेक्ट ईव्हीएम का निरीक्षण भारत निर्वाचन आयोग की टीम में शामिल पीएसओ (टीम हैड) श्री अतुल्य नीरज, सचिव श्री संजीव कुमार प्रसाद, पीएस श्रीमती शशि मीना, एएसओ श्री चंद्र भानू कुमार, पीए सुश्री पूजा बंसल, एएसओ श्री नीर माथुर, एसएसए श्री नितीश सिंह, जेएसए श्री ऋषभ कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया।



भारत निर्वाचन आयोग की टीम द्वारा आज कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में श्री अतुल्य नीरज, पीएसओ (टीम हैड) द्वारा बीएलओ की बैठक की गई। बैठक में उपस्थित कुछ बीएलओ से मतदाताओं के नाम जोड़ने, घटाने एवं संशोधन के उपयोग में आने वाले फार्मों की जानकारी ली गई तथा नवीन मतदाता का नाम जोड़ने में किन-किन दस्तावेजो को लिया जाता उसकी बीएलओ से जानकारी ली गई। बीएलओ द्वारा भी संतोषप्रद जबाव दिए गए। इसके अतिरिक्त मतदाताओ के डबल नाम होने पर की जाने वाली कार्यवाही एवं बीएलओ द्वारा गलत नाम जोड़ने पर कार्यवाही, नियम निर्देशो को बताया गया साथ ही मतदाता सूची अंतर्गत सभी बीएलओ को अच्छा कार्य करने के निर्देश दिए गए अंत में सभी से कहा गया कि वह बीएलओ बनने पर गर्व करें कि उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मोहिनी शर्मा द्वारा सभी का अभार व्यक्त किया। इस दौरान बैठक में विदिशा एसडीएम श्री क्षितिज शर्मा सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

**मतदान केन्द्रों का निरीक्षण :** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के अधिकारियों द्वारा विदिशा जिले की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 144 के मतदान केन्द्र 94 - सुनपुरा पहुंचकर मतदान केन्द्र का किया गया। यहां के बीएलओ श्री संदीप गिरि से जेण्डर रेशो, ईपी रेशो, मतदाता के नाम जोड़ने, घटाने एवं संशोधन की जानकारी ली गई साथ ही मतदाता सूची का परीक्षण किया जिसमें कुछ मतदाताओं के फोटो स्पष्ट न होने के कारण बीएलओ को फोटो बदलने के निर्देश दिए गए तथा मतदान केन्द्र पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली गई। इसके बाद मतदान केन्द्र क्रमांक 104, 106-नगर विदिशा, जिला परिवहन कार्यालय उत्तरी खण्ड/पश्चिमी खण्ड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री रवि यादव, एवं श्रीमती सुधा सक्सेना, बी.एल.ओ. से भी मतदाता, जेण्डर रेशो, ई.पी. रेशों की जानकारी ली गई, साथ ही बीएलओ को दिए गए इसके अतिरिक्त मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाये जाने के भी निर्देश दिए। मतदान केन्द्र 104-नगर विदिशा-7 में 1408 मतदाता होने से नवीन मतदान बनाये जाने के निर्देश दिए गए उक्त मतदान केन्द्र में 1200 से अधिक मतादाता होने के कारण मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण अंतर्गत नवीन मतदान केन्द्र का प्रस्ताव पूर्व में ही आयोग को प्रेषित किए जा चुके हैं।

# राष्ट्रीय खेल दिवस के तहत सीहोर में साइकिल रैली आयोजित

**सीहोर (निप्र)।** राष्ट्रीय खेल दिवस के तहत खेलों के प्रति नागरिकों को जागरूक करने और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के उद्देश्य से सीहोर में जिला प्रशासन द्वारा साइकिल रैली आयोजित की गई। यह रैली सीहोर के आवासीय खेल परिसर से प्रारंभ हुई और बस स्टैंड, कोतवाली चौराहा, इंग्लिशपुरा होते हुए पुनः खेल परिसर पहुंचकर समाप्त हुई।




इस साईकिल रैली में नागरिकों और युवाओं के साथ भोपाल सांसद श्री आलोक शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री नरेश मेवाड़ा, नगरपालिका अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर, कलेक्टर श्री बालागुरु के., एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी शामिल हुए और सभी ने नागरिकों को संदेश दिया कि खेल गतिविधियाँ केवल मनोरंजन का साधन ही नहीं हैं बल्कि यह जीवन को स्वस्थ और अनुशासित बनाने का सबसे उत्तम माध्यम भी हैं। रैली में बड़ी संख्या में युवा, बच्चे और नागरिक शामिल हुए। रंग-बिरंगी साइकिलों पर नागरिक जब शहर की सड़कों से गुजरे तो पूरा माहौल खेल के जागरूकता की भावना से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर सांसद श्री आलोक शर्मा ने कहा कि खेल हमारे जीवन में अनुशासन, परिश्रम और सामूहिकता की भावना विकसित करते हैं। स्वस्थ समाज का निर्माण तभी संभव है जब हर व्यक्ति खेलों को अपनी दिनचर्या में शामिल करे।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के तहत जिलेभर में 29 अगस्त से 31 अगस्त तक विभिन्न खेल गतिविधियों और प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं। इसमें एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, खोखो, दौड़, टेबल टेनिस सहित कई खेल गतिविधियां शामिल हैं। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य बच्चों, युवाओं और आम नागरिकों में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें खेलों से जोड़ना है। इस अवसर पर एसडीएम श्री तन्मय वर्मा, जिला खेल अधिकारी श्रीमती रुबिका देवान, जिला शिक्षा अधिकारी श्री संजय सिंह तोमर, आवासीय के प्राचार्य श्री आलोक शर्मा, श्री सुदीप प्रजापति, खेल संघो के पदाधिकारी, खेल प्रशिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा, बच्चे एवं नागरिक उपस्थित थे।

**शाहगंज एवं भैरूंदा में भी साइकिल रैली आयोजित :** राष्ट्रीय खेल दिवस के तहत सभी को खेलों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले के भैरूंदा एवं शाहगंज में भी साइकिल रैली का आयोजन किया गया। भैरूंदा में आयोजित साइकिल रैली में भैरूंदा एसडीएम श्री सुधीर कुशवाह सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए।

# राष्ट्रीय खेल दिवस सम्मान समारोह सम्पन्न

**हरदा (निप्र)।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शहर में आयोजित तीन दिवसीय खेल महोत्सव का सम्मान समारोह रविवार को पीएम श्री महाविद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरदा विधायक डॉ. आर.के. दोगने, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री दर्शन सिंह गहलोत, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री राजेश वर्मा, शिक्षक प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्री बसंत राजपूत, क्रीड़ा अधिकारी श्री रामनिवास जाट, श्री जगदीश शर्मा सहित खिलाड़ी, प्रशिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिले में तीन दिनों तक विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें कबड्डी, कुश्ती, हॉकी, खो-खो, एथलेटिक्स एवं क्रिकेट मैच तथा योगा, एवं सायक्लिंग आदि गतिविधियां आयोजित हुई। विजयी प्रतिभागियों एवं खेल प्रशिक्षकों सहित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों और कोचों को सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मेजर ध्यानचंद जी के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इस अवसर पर बच्चों को शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में हरदा विधायक डॉ. आर.के. दोगने ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की स्मृति के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि खेल दिवस का मुख्य उद्देश्य शारीरिक श्रम से है, जिससे शरीर फीट रहता है, प्रतिदिन खेल खेलकर शारीरिक श्रम अवश्य करें। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री दर्शन सिंह गहलोत ने मेजर ध्यानचंद जी की स्मृति में आयोजित खेल दिवस में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों और उन्हें प्रशिक्षित करने वाले प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं दी।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से नन्हें कृष्णा को मिली नई मुस्कान





**सीहोर (निप्र)।** केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) और बाल हृदय योजना भी उन्हीं योजनाओं में से एक है। यह योजनाएं बच्चों के जीवन को सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसी के अंतर्गत सीहोर के गल्ला मंडी, फ्री गंज निवासी श्री वरूण गौर और श्रीमती सावित्री गौर के बेटे कृष्णा को नया जीवन मिला।

कुछ समय पहले कृष्णा को तेज़ निमोनिया की शिकायत के कारण जिला अस्पताल सीहोर में भर्ती कराया गया। इलाज और जांच के दौरान चिकित्सकों ने पाया कि उसके दिल में छेद है। यह जानकारी परिवार के लिए बेहद चिंता का विषय थी, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम और बाल हृदय योजना के बारे में बताया और तत्काल जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र (डीईआईसी) से जोड़ा।

बच्चे की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी की और योजना के अंतर्गत एक लाख 70 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में कृष्णा का ऑपरेशन कराया गया, जो सफल रहा।आज बालक कृष्णा सामान्य जीवन जी रहा है और उसका स्वास्थ्य भी बेहतर हो रहा है। इसके साथ ही, आरबीएसके टीम और डीईआईसी केंद्र द्वारा उसका नियमित फॉलोअप जारी है ताकि आगे भी उसका स्वास्थ्य सुरक्षित रहे।नन्हें कृष्णा की यह कहानी कई अन्य परिवारों को भी यह विश्वास दिलाती है कि गंभीर बीमारियों की स्थिति में जिला चिकित्सालय और स्वास्थ्य विभाग हर संभव मदद के लिए तैयार हैं।

# लंबित आवेदनो की समीक्षा, संतुष्टिपूर्वक आवेदनो का समाधान करें - कलेक्टर

**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने सोमवार को लंबित आवेदनो की समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन, समाधान ऑन लाइन के अलावा जनसुनवाई कार्यक्रम और वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त आवेदनो के निराकरणों की विभागवार पृथक-पृथक समीक्षा की है। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में बताया गया कि सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनो में से अगस्त माह की शिकायतो का शत प्रतिशत समाधान नियत समयावधि में कराया जाना सुनिश्चित करें। अगस्त माह की एक भी शिकायत को फोर्सक्लोज ना किया जाए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने संतुष्टिपूर्वक आवेदनो के समाधान कराने पर बल देते हुए निर्देशित किया है कि शिकायतकर्ताओं से जिलाधिकारी भी सीधे संवाद करें और आवेदक की मूलभूत समस्या का निदान समयावधि में हो। के प्रबंध सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि अगस्त माह की 12168 शिकायतो का निराकरण समय सीमा में कराया जाना है ताकि मासिक ग्रेडिंग सूची जारी होने की तिथि के पूर्व विदिशा जिला व जिले के सभी विभाग टॉप फाइव की सूची में शामिल हो सके।



कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत लाभांवित होने वाले हितग्राहियों की सूची प्रदर्शित करने के निर्देश दिए है ताकि हितग्राहियों को सूची में अपना स्थान का पता चल सकें और किसी भी प्रकार से आवंटन में सरल क्रमांक में ओवरलेपिंग ना हो। उन्होंने जिलाधिकारियों को ग्राम पंचायत का नोडल अधिकारी नियुक्त करने के भी निर्देश दिए है ताकि ग्राम की तमाम आवश्यकताओं और हितग्राहीमूलक योजनाओं के लाभ की जानकारियां संकलित होकर उन्हें समय पर लाभ दिलाया जा सकें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि वर्ग विशेष के लिए संचालित योजनाओं का यह ध्येय होना चाहिए कि किसी भी विभाग के माध्यम से क्रियान्वित हो उसका लाभ उन्हें मिलें।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने लंबित आवेदनो की समीक्षा बैठक के दौरान जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत सम्मिलित पात्र परिवारो में से संदिग्ध हितग्राहियों की जांच, पात्रता के मापदण्ड अनुसार हितग्राहियो की संख्या, किसान सम्मानिधि प्राप्त करने वाले किसानो, लाड़ली लक्ष्मी योजना के पंजीयन व्यवस्था, जिले में खुले ट्रांसफार्मर की सुरक्षा हेतु जनपद व निकायवार सूची प्राप्त कर कार्यो को अंजाम देने जिसमें सबसे पहले आबादी वाले क्षेत्रो में प्राथमिकता से कार्य कराए जाएं।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने सीएम हेल्पलाइन के तहत सौ दिवस की दर्ज शिकायतो पर विशेष समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि ऐसी शिकायतो के निराकरणो में विलम्बता क्यों हो रही है का स्पष्ट जबाव शिकायत में दर्ज होना चाहिए। उन्होंने जिले में पेयजल योजना के कार्यो के संबंध में भी आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीणजनो को योजना से कोई मतलब नहीं। उन्हें घर में पानी मिलना चाहिए यहीं विभाग की प्रमुख ड्यूटी है। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिए है कि हेण्ड पंपो व नलजल योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारियां अब हरेक टीएल बैठक में प्रस्तुत करेंगे जिसमें पूर्व में संचालित योजनाओं के साथ-साथ नवीन शुभारंभ की गई योजनाओं की जानकारी पृथक-पृथक प्रस्तुत की जाए। इसी प्रकार हेण्ड पंपो के संबंध में भी कार्यवाहियां संपादित करने के निर्देश दिए गए है।

### खेल उत्सव के अंतिम दिवस रायसेन में 'संडे ऑल साईकिल' रैली का आयोजन कलेक्टर श्री विश्वकर्मा तथा एसपी श्री पाण्डे ने किया रैली का नेतृत्व

**रायसेन (निप्र)।** खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय रायसेन में हॉकी के सर्वकालीन महान खिलाड़ी पद्मभूषण मेजर ध्यानचंद जी की 120वीं जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के तहत आयोजित तीन दिवस खेल उत्सव के अंतिम दिवस ÷संडे ऑन साइकिल÷ रैली का आयोजन किया गया। पुलिस लाईन से प्रारंभ होकर खेल स्टेडियम तक आयोजित इस साईकिल रैली का नेतृत्व कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा तथा पुलिस अधीक्षक श्री पंकज कुमार पाण्डे द्वारा किया गया। रैली में अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं द्वारा सहभागिता की गई।

रैली के समापन अवसर पर कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा ने नागरिकों से आव्हान किया कि वह भी सप्ताह में एक घण्टे साईकिल चलाएं जिससे पर्यावरण स्वच्छ रहता है। इसी तरह पुलिस अधीक्षक श्री पंकज कुमार पाण्डे ने कहा कि भारत सरकार की टेगलाइन ÷एक घंटा खेल के मैदान में÷ अनुसार सप्ताह में एक घण्टे साइकिल चलाना चाहिए जिससे शारीरिक रूप से स्वाथ्य बने रहे। साइकिल रैली के समापन पर जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्री जलज चतुर्वेदी, रक्षित निरीक्षक पुलिसलाईन कविता डामोर सहित खेल शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सभी शासकीय कार्यालयों में ई ऑफिस सिस्टम से ही कार्य किया जाए - कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी

**नर्मदापुरम (निप्र)।** नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी ने संभागीय समय सीमा की बैठक में सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वह शासकीय पत्राचार, फाइल नोट शीट, एवं अन्य सभी फाइल मूवमेंट ई ऑफिस सिस्टम से करना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि किसी भी स्थिति में ऑफलाइन कार्य न किया जाए और ना ही ऑफलाइन फाइल ली जाए। सभी पत्राचार ऑनलाइन रहे। ई ऑफिस सिस्टम के थ्रू है सभी फाइलें ली और दी जाए।



कमिश्नर श्री तिवारी ने आईटीआई महाविद्यालय में रिक्त सीटों के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि आईटीआई महाविद्यालय में 1 सितंबर से छात्रों के एडमिशन प्रारंभ हो चुके हैं जो 10 सितंबर तक चलेंगे। उन्होंने निर्देश दिए की जिस ट्रेंड में सीटे खाली हैं उसकी जानकारी का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए और उस ट्रेंड में विद्यार्थियों के प्रवेश सुनिश्चित किए जाएं। बताया गया कि आईटीआई महाविद्यालय में लगभग 70% सीटे भरी जा चुकी है लेकिन वर्तमान में नर्मदापुरम जिले के विभिन्न आईटीआई महाविद्यालय में 217, बैतूल जिले में 209 और हरदा जिले में 42 सीटे अभी खाली हैं। पहले आओ पहले पाओ के आधार पर विद्यार्थियों के प्रवेश सुनिश्चित किए जा रहे हैं। कमिश्नर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वह अपने अधीनस्थ कार्यालय का रोस्टर के अनुसार निरीक्षण करना सुनिश्चित कर ले।

कमिश्नर ने बैठक में सहायक श्रम आयुक्त के चार लंबित प्रकरणों की समीक्षा की साथ ही आबकारी विभाग के तीन, मत्स्य विभाग के एक, खाद्य विभाग के तीन, जल संसाधन विभाग के सात, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग के चार, परिवहन विभाग के 21, स्वास्थ्य विभाग के 38, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण के 19, संयुक्त संचालक उद्यानकी विभाग के तीन, पीएचई विभाग के 6, पशुपालन विभाग के एक, विद्युत विभाग के पांच, संयुक्त आयुक्त सहकारिता विभाग के एक, उपयुक्त जनजाति कार्य विभाग के 10, ब्रिज कारपोरेशन के तीन, खनिज विभाग के तीन, एसी पीडब्ल्यूडी के 20, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क परियोजना के तीन, एमपी आरडीसी के पांच, एन एच आई के तीन, संयुक्त संचालक सूक्ष्म लघु एवं मध्य मध्य विभाग के एक, एमपी आईडीसी नर्मदापुरम के एक, संभागीय खेल अधिकारी के एक, आरईएस के पांच, नगरी प्रशासन विभाग के 59, उपसंचालक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के चार, वन विभाग के दो, आडिट शाखा के एक, बैठक शाखा के एक, नाजरात शाखा के दो, विकास शाखा के 9, वित्त शाखा के छह, विधायिका के एक, सामान्य शाखा के तीन, आवास शाखा के सात, राजस्व शाखा के 33, निर्वाचन शाखा के एक, विधि शाखा के 31, स्थापना शाखा के 10, स्थापना शाखा - 2 के 5, शिकायत शाखा के 118, शिकायत शाखा - 2 के 22, आरसीएमएस के दो कलेक्टर नर्मदापुरम के 57, कलेक्टर बैतूल के 10, कलेक्टर हरदा के 10 लंबित प्रकरणों की समीक्षा की।

संभागीय समय सीमा की बैठक में उपायुक्त राजस्व श्री गणेश जायसवाल, संयुक्त आयुक्त विकास श्री जी सी दोहर सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# शहर में जर्जर 80 मकान चिन्हित, अब तक चार तोड़े, 20 में नपा का ताला

दैनिक भेल पॉवर ■

**कपिल गौर सीहोर।** कलेक्टर बालागुरु के. की पहल पर शहर में खतरनाक और जर्जर हो चुके मकानों को गिराने का अभियान तेजी से चल रहा है। इस अभियान के तहत नगर पालिका ने शहर के 80 मकानों को चिह्नित किया था, जिनमें से अब तक चार मकानों को गिराया जा चुका है और 20 को सील कर दिया गया है। इसी कार्रवाई के तहत अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के पैतृक घर के बचे हुए हिस्से को भी गिरा दिया गया है। कलेक्टर ने लगभग तीन महीने पहले ही सभी नगर निकायों को जर्जर मकानों की पहचान कर उन्हें खाली कराने और नोटिस जारी करने के निर्देश दिए थे। नगर पालिका सीएमओ सुधीर कुमार ने बताया कि उनकी टीम ने 80 मकानों को खतरनाक



की श्रेणी में रखा था। इनमें से 7 मकानों की स्थिति बहुत ही जर्जर थी, जिनमें से 4 को पूरी तरह से गिरा दिया गया है। बाकी बचे 3 मकानों को भी जल्द ही तोड़ा जाएगा। बता दें पंडित प्रदीप मिश्रा का पैतृक मकान भी इसी सूची में था, जिसका एक हिस्सा दो दिन पहले ही गिर गया था। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, क्योंकि कलेक्टर के निर्देश पर नगर पालिका ने करीब दो महीने पहले ही मकान को खाली करा लिया था। 15 आंशिक रूप से जर्जर सीएमओ सुधीर कुमार ने बताया कि 15 अन्य मकानों को भी आंशिक रूप से जर्जर पाया गया हैए जिन्हें सील कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इन सील किए गए मकानों को भी धीरे-धीरे तोड़ा जाएगा, क्योंकि इस काम के लिए संसाधन और कर्मचारी दोनों की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि सितंबर महीने में यह अभियान लगातार जारी रहेगा। मालूम हो कि कलेक्टर ने अधिकारियों को इस काम में किसी भी तरह की लापरवाही न करने की सख्त हिदायत दी है और नागरिकों से भी अपील की है कि वे खुद भी जर्जर इमारतों में रहने से बचें।

### नये पुलिस अधीक्षक आते ही नशा माफिया पर कार्यवाही हुई तेज

# नशे के विरुद्ध नरसिंहपुर पुलिस की सख्त कार्यवाही जारी

## दो अलग-अलग मामलों में 4 नशा तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

दैनिक भेल पॉवर ■

**नरसिंहपुर।** 1.50 लाख मूल्य की 12 ग्राम स्मैक एवं 2 किलोग्राम गांजा बरामद तस्करों से एक मोटरसाइकिल भी जप्त उल्लेखनीय है कि जिले में अवैध गतिविधियों एवं संगठित अपराधों पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने, अवैध कारोबार करने वालों एवं गुंडे-बदमाशों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों के परिपालन में जिलेभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत जिले के विभिन्न थानों में लगातार धरपकड़ की कार्यवाहियाँ की जा रही हैं। थाना गोटेगांव पुलिस की कार्यवाही : नया बाजार, गोटेगांव से एक स्मैक का कारोबारी गिरफ्तार। आरोपी : शिवम उर्फ बिट्टू अहिरवार निवासी नया बाजार, गोटेगांव। ड्ट जप्ती




: लगभग 1,25,000/- कीमत की 12 ग्राम अवैध स्मैक जप्त। आरोपी के विरूद्ध धारा 8, 21 (बी), 29 - एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत मामला कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। थाना चौकी झौतेश्वर पुलिस की कार्यवाही : मेला ग्राउण्ड झौतेश्वर से 3 अवैध गांजे के कारोबारी गिरफ्तार। गोपाल पटैल, निवासी ग्राम उमरिया, थाना गोटेगांव। नीलकुण्ड दुबे, निवासी ग्राम उमरिया, थाना गोटेगांव। रविशंकर नामदेव, निवासी, धूमा, जिला सिवनी। लगभग 25,000/- कीमत का 2 किलोग्राम अवैध गांजा एवं 1 मोटर साईकिल। ड्ट वैधानिक कार्यवाही : आरोपी के विरूद्ध धारा 8, 21 (बी), 29 - एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत मामला कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही में सराहनीय भूमिकाः उक्त कार्यवाही में अति. पुलिस अधीक्षक, श्री संदीप भूरिया एवं एसडीओपी, गोटेगांव श्री मनीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक, प्रदीप सराफ, उनि. अभिषेक पटेल, उनि दिलीप सिंह, उनि जयावति कुडोपे, प्रधान आरक्षक सागर, आरक्षक पंकज, सुमित, मेधराज, गौरीशंकर, नितिन दाहिया, विपिन दुबे की सराहनीय भूमिका रही है।

# पुलिस अधीक्षक श्री ऋषिकेश मीना ने अचानक थाना मुंगवानी का दौरा किया

दैनिक भेल पॉवर ■

निरीक्षण के दौरान थाने की साफ-सफाई, रिकॉर्ड संधारण और व्यवस्थाओं की जांच की गई। पुलिसकर्मियों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं। किसी प्रकार की अनियमितता पर सख्त रुख अपनाने की चेतावनी। पुलिस अधीक्षक, श्री ऋषिकेश मीना द्वारा मंगलवार की दोपहर को थाना मुंगवानी का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों से चर्चा कर उन्हे सुना गया एवं थाना क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के नियंत्रण हेतु निर्देश दिए गए : निरीक्षण के दौरान थाने की साफ-सफाई, रिकॉर्ड संधारण और व्यवस्थाओं की जांच की गई। पुलिसकर्मियों से संवाद कर उनकी




समस्याएं जानीं। किसी प्रकार की अनियमितता पर सख्त रुख अपनाने की चेतावनी। आम जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेने और समाधान में पारदर्शिता बरतने के निर्देश। थाना परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की उपलव्धता की जानकारी ली। हवालात की स्थिति और बंदियों के रखरखाव की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक, श्री ऋषिकेश मीना द्वारा अधिकारी एवं कर्मचारियों को डियूटी के दौरान किसी भी प्रकार की चूक एवं लापरवाही न बरतने हेतु चेतावनी देते हुए कर्तव्य निर्वाहन के दौरान अनुशासन में रहने हेतु समझाया गया।

# जनसुनवाई में न आना पड़े, राजस्व मामले तहसील में ही निपटाएंः कलेक्टर

दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरु के. ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण तहसील स्तर पर ही किया जाएए ताकि नागरिकों को बार-बार जनसुनवाई में न आना पड़े। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में उन्होंने यह बात कही। कलेक्टर ने कहा कि जनसुनवाई में आने वाले ज्यादातर मामले राजस्व से जुड़े होते हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे इन मामलों को तहसील स्तर पर ही हल करें ताकि लोगों को बेवजह परेशानी न हो। इसके साथ ही उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को अपने कामकाज के लिए ई.ऑफिस प्रणाली



का उपयोग करने का निर्देश दिया, जिससे काम में पारदर्शिता और तेजी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि ई.ऑफिस से समय की बचत होगी और आदेश-निर्देश तुरंत जारी किए जा सकेंगे। गणेश विसर्जन और आगामी त्योहारों की तैयारी गणेश विसर्जन को देखते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को विसर्जन घाटों का निरीक्षण करने और जरुरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसमें लाइटिंग, बैरिकेडिंग, पार्किंग, क्रेन, नाव, गोताखोर और एसडीआरएफ व होमगार्ड जवानों की तैनाती शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि चल समारोह के दौरान यातायात और सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की जाए। कलेक्टर ने आगामी त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और राजस्व विभाग को आपस में समन्वय स्थापित करने के लिए कहा। फसल और सडक दुर्घटनाओं पर भी निर्देश बैठक में कलेक्टर ने किसानों से जुड़े मुद्दों पर भी बात की। उन्होंने पर्याप्त मात्रा में खाद और बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने और कालाबाजारी रोकने के निर्देश दिए।

# अभियान की सफलता के लिए पूरे मनोयोग तथा समन्वय के साथ करेंगे काम- कलेक्टर श्री विश्वकर्मा

## जनजातीय समुदायों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार लाने शुरू किया गया आदि कर्मयोगी अभियान

### आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

दैनिक भेल पॉवर ■

**रायसेन।** जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत ह्लआदि कर्मयोगी रेस्पॉसिव गवेर्नेंस प्रोग्राम विषय पर कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला बुधवार को सम्पन्न हुई। प्रशिक्षण कार्यशाला के प्रारंभ में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने जिला अधिकारियों से कहा कि ह्लआदि कर्मयोगी अभियानह्व के तहत जनजातीय समुदायों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है। यह एक ऐसा अवसर हमें प्राप्त हुआ है जिसमें हम योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन कर अंतिम छोर तक योजनाओं का लाभ पहुचाएंगे। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य जनजातीय कल्याण के लिए उत्तरदायी, पारदर्शी और जवाबदेह शासन को बढ़ावा देना है, जिससे विकसित भारत के निर्माण में जनजातीय परिवारों की समान भागीदारी हो। आदि कर्मयोगी अभियान में शासकीय अधिकारी आदि कर्मयोगी के रूप में शामिल होंगे। अभियान की मंशा को धरातल पर उतराने के लिए सभी को आगे बढ़कर कार्य करना होगा। उन्हें जिले की टीम की क्षमताओं पर पूर्ण विश्वास है तथा सभी मिलकर यह कार्य पूर्ण करेंगे। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता के लिए पूरे मनोयोग के साथ स्थानीय लोगों को भी जोड़कर कार्य करना होगा। इसमें मीडिया



के सुझाव भी आमंत्रित हैं। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने कहा कि ग्रामों में जिन हितग्राहियों तक हम नहीं पहुंच पाए, वहां तक पहुचेंगे तथा प्रत्येक हितग्राही को योजनाओं का लाभ मिले यह सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण एवं विकास हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ आदि सहयोगियोंह्व एवं आदि साथियोंह्व की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। कार्यशाला में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा पीपीटी के माध्यम से भी अभियान के बारे में जानकारी दी गई। आदिवासी अनुसंधान संस्थान भोपाल की सहायक अनुसंधान अधिकारी श्रीमती सारिका धोलपुरिया ने बताया कि आदि कर्मयोगी एक राष्ट्रीय मिशन है। इसमें जमीनी स्तर पर शासन-प्रशासन तंत्र तथा सेवाओं को जनजातीय परिवारों के हित में मजबूत बनाया जाएगा। इस अभियान से जिला अधिकारियों एवं अन्य हितधारकों का एक कैडर विकसित होगा। आदि कर्मयोगी अभियान में स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, ग्रामीण विकास, वन, पंचायती राज विभाग और जल जीवन मिशन शामिल हैं। यह अभियान केन्द्र से लेकर विकासखंड स्तर तक जनजातीय विकास के संपूर्ण दृष्टिकोण को बढ़ावा देने और सार्वजनिक संस्थानों में विश्वास बढ़ाने का कार्य करेगा। अभियान अंतर्गत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए ग्राम स्तर पर अपेक्षित परिणामों में मुख्य रूप से महत्वपूर्ण सेवाओं जैसे आवास, सड़क, पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य में शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करना है। आदि कर्मयोगी अभियान की प्रगति की समीक्षा के लिए राज्य, जिला, विकासखंड और ग्राम स्तर पर उत्तरदायी समूह बनाए गए हैं। प्रशिक्षण में सहायक कलेक्टर श्री कुलदीप पटेल द्वारा सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, मीडिया प्रतिनिधियों तथा प्रशिक्षणार्थियों को एकजुट होकर सेवा, संकल्प एवं समर्पण के साथ योजनाबद्ध तरीके से अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाकर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने तथा जनजातीय वर्ग के उत्थान हेतु सकारात्मक परिवर्तन हेतु दृढ़ निश्चय से कार्य करने की शपथ दिलाई गई।

# आपका संदेह भगवान से दूरी बढ़ाता है, विश्वास से होता है मिलनः पंडित प्रदीप मिश्रा

दैनिक भेल पॉवर ■

+**सीहोर।** शहर के बड़े बाजार में अग्रवाल पंचायती भवन में जारी सात दिवसीय भागवत कथा में कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि संदेह हमें भगवान से दूर ले जाता है, जबकि विश्वास हमें उनके करीब लाता है। उन्होंने कहा कि संदेह में हम ईश्वर की शक्ति और कृपा पर सवाल उठाते हैं, जबकि विश्वास से हम उनके साथ जुड़ते हैं। कथा के तीसरे दिन बुधवार को पंडित मिश्रा ने महाभारत काल का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि जब भगवान श्रीकृष्ण ने शांति स्थापित करने के लिए पांडवों को केवल पांच गांव देने का प्रस्ताव दुर्योधन के सामने रखाए तो उसने अपने अहंकार के कारण यह कहते हुए ठुकरा दिया कि वह सुई की नोक के बराबर भी



जमीन नहीं देगा। उन्होंने कहा कि दुर्योधन का यह अहंकार ही उसके संदेह का कारण था, जिसने उसे भगवान से दूर कर दिया और महायुद्ध का कारण बना। पंडित मिश्रा ने कहा कि भगवान हर व्यक्ति को मुसीबत आने से पहले संकेत देते हैं, लेकिन हमारा विश्वास और विवेक जागृत न होने के कारण हम उन संकेतों को समझ नहीं पाते। उन्होंने यह भी बताया कि गोस्वामी तुलसीदास जी को जब संदेह हुआ थाए तो हनुमान जी ने उनका मार्गदर्शन किया, जिससे उनका संदेह दूर हो गया। आज मनाया जाएगा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष रुकमणी रोहिला ने बताया कि बुधवार को विधायक सुदेश राय, समाजसेवी अरुणा राय और नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित कई लोगों ने कथा स्थल पर पहुंचकर आशीर्वाद लिया। उन्होंने यह भी बताया कि गुरुवार को कथा के दौरान धूमधाम से भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान तीन क्विंटल से ज्यादा फलाहारी खिचड़ी का वितरण भी किया गया।

# त्यौहारों को लेकर एसपी ने चार थाना क्षेत्रों में लिया जायजा

दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** आगामी त्यौहारों जैसे डोल ग्यारस, ईद मिलादुन्नबी, अनंत चतुर्दशी और गणेश विसर्जन की तैयारियों को लेकर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने आज बुधवार को जिले के विभिन्न थानों और चौकियों का दौरा किया। उन्होंने इछावर, लाडकुई, भैरुंदा और गोपालपुर थाना क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने त्यौहारों के दौरान पुलिस बल के साथ-साथ नगर रक्षा समिति और सिविल डिफेंस वॉलंटियर की सेवाएं लेने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सचिव, पटवारी, कोटवार और पुलिस बल के समन्वय से गणेश मूर्तियों का विसर्जन शांतिपूर्वक कराया जाए। भ्रमण के दौरान एसपी ने इछावर और भैरुंदा में बनाए गए विसर्जन कुंडों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने अधिकारियों को विसर्जन स्थलों पर उचित प्रकाश व्यवस्था,



गोताखोरों, नाव और बड़ी प्रतिमाओं के लिए क्रेन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी ने थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों को अपराध नियंत्रण पर ध्यान देने और त्यौहारों को शांतिपूर्ण और सद्भावपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, तहसीलदार, जनपद सीईओ और नगर परिषद के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने खाद वितरण केन्द्र का किया आकस्मिक निरीक्षण

दैनिक भेल पॉवर ■

**रायसेन।** रायसेन में भोपाल रोड स्थित शासकीय खाद गोदाम, वितरण केन्द्र का कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से खाद के स्टॉक और वितरण की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि किसानों को व्यवस्थित तरीके से खाद का वितरण किया जाए, किसी भी प्रकार परेशानी या अव्यवस्था ना हो। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने किसानों से भी संवाद करते हुए जानकारी ली। किसानों द्वारा खाद वितरण हेतु काउंटर की संख्या बढ़ाने की बात कहने पर कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने उपस्थित अधिकारियों को इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री मनीष शर्मा भी



उपस्थित रहे।एक मित्र और भाई की तरह लोगों से मिले कलेक्टर कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा आज खाद्य केदो पर पहुंचे अपने युवा साथियों किसनो के कंधे पर हाथ रखकर उनसे हाल-चाल पूछ तथा खाद की जानकारी ली।

# मोहन के संकल्प से शिवमय हुआ नरसिंहगढ़, सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण में उमड़ा जनसैलाब

दैनिक भेल पॉवर ■

**नरसिंहगढ़** । बाबा बैजनाथ की नगरी इन दिनों भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंगी हुई है। क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा के संकल्प से प्रारंभ हुआ सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ न केवल नगर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर रहा है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना को भी प्रबल कर रहा है। इस विराट कार्यक्रम में नगरवासियों की सहभागिता देखते ही बनती है। हजारों की संख्या में श्रद्धालु शिवभक्ति में लीन हैं, जो न केवल स्थानीय हैं, बल्कि आसपास के गांवों और जिलों से भी बड़ी संख्या में शिवभक्त नरसिंहगढ़ पहुँच रहे हैं। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रुद्राभिषेक है, भस्म आरती,जिसे प्रसिद्ध वैदिक आचार्य श्री सोमेश परसाई द्वारा विधिवत संपन्न की जा



रही है। पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण, मंत्रोच्चार और रुद्रपाठ की दिव्य ध्वनि से पूरा वातावरण शिवमय हो गया है। इस ऐतिहासिक आयोजन के पीछे प्रेरणा बने विधायक मोहन शर्मा ने कुछ समय पूर्व नगर के विकास और धार्मिक जागरण हेतु संकल्प लिया था। उनका कहना था कि, ऱ्यदि भगवान शिव की कृपा रही और नगरवासी साथ दें, तो नरसिंहगढ़ को आध्यात्मिक पर्यटन का केंद्र बनाकर रहूंगा। आज यह संकल्प साकार होता दिख रहा है। मोहन शर्मा ने न केवल आयोजन की नींव रखी, बल्कि निजी स्तर पर आर्थिक, सामाजिक और व्यवस्थागत सहयोग देकर इसे जनआंदोलन में परिवर्तित कर दिया। नगर की जनता भी पूरे तन, मन और धन से इस आयोजन में जुटी हुई है। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, स्वच्छता, जल आपूर्ति, भोजन वितरण आदि की व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। स्थानीय स्वयंसेवी संगठन, युवाओं की टोली और महिला मंडल इस पावन आयोजन को सफल बनाने में दिन-रात जुटे हैं। बुधवार को समापन को लेकर विशेष तैयारियाँ की जा रही हैं, जिसमें वरिष्ठ संत, जनप्रतिनिधि, अधिकारी शामिल होंगे। माना जा रहा है कि यह आयोजन आने वाले समय में नरसिंहगढ़ को एक धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने में मील का पत्थर साबित होगा जिसमे बुधवार को विशेष रूप से परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री मध्यप्रदेश उदय प्रताप सिंह,मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर सहित कई जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारी शामिल हुए ।

# 2035 तक भारत का अपना अंतरिक्ष स्टेशन होगा



आगामी चंद्रयान-4 मिशन, जो 2028 के आसपास अपेक्षित है, में जटिल डॉकिंग और अनडॉकिंग प्रक्रियाएँ करने वाले कई मॉड्यूल शामिल होंगे। इससे हमें अंतरिक्ष स्टेशन जैसी बड़ी परियोजनाओं के लिए आवश्यक विशेषज्ञता प्राप्त होगी। अंतरिक्ष पर्यटन व्यवहार्य होते ही, डॉकिंग तकनीक यात्री सुरक्षा के लिए भी महत्वपू र्ण होगी।

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह का कहना है कि गगनयान भारत की अंतरिक्ष आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित होगा, जो उसकी मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमताओं की पुनः पुष्टि करेगा और पृथ्वी के लिए लाभकारी अनुप्रयोगों सहित वैज्ञानिक ज्ञान में वृद्धि करेगा। प्रश्नः भारत के अंतरिक्ष भविष्य के लिए गगनयान का सबसे बड़ा परिणाम क्या होगा? उत्तरः अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत का उदय पहले ही हो चुका है और इसे वैश्विक स्तरर पर स्वी कार किया गया है। अब हम अनुयायी मात्र नहीं हैं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में समान भागीदार हैं। गगनयान मिशन एक और निर्णायक मोड़ का प्रतीक होगा। यह न केवल मानव अंतरिक्ष उड़ान में भारत की क्षमताओं की पुनःपुष्टि करेगा, बल्कि हमारे वैज्ञानिक ज्ञान में भी वृद्धि करेगा। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला द्वारा सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण या माइक्रोग्रेविटी, कृषि और जीवन विज्ञान पर किए गए प्रयोगों के साथ-साथ, यह मिशन पृथ्वी पर अनुप्रयोगों के बारे में जानकारी प्रदान करेगा। यह भारत को अंतरिक्ष अन्वेषण में अग्रणी देश के रूप में स्थापित करेगा, जबकि हम बुनियादी ढाँचे, विकास और जीवन को सुगम बनाने के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग जारी रखेंगे। प्रश्नः शुक्ला जैसे युवा अंतरिक्ष यात्रियों के आने से, हमारी मानव अंतरिक्ष यात्रा को आकार देने में युवाओं की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है?

उत्तरःअंतरिक्ष सहित हर क्षेत्र में भारत के भविष्य के लिए युवा अपरिहार्य हैं। हमारी 70 प्रतिशत से अधिक आबादी 40 वर्ष से कम आयु की है, इसलिए स्वाभाविक रूप से, वे विकसित भारत के पथप्रदर्शक हैं। अंतरिक्ष में, शारीरिक और मानसिक अनुकूलनशीलता की आवश्यकता के कारण युवाओं को बढ़त हासिल है। उदाहरण के लिए, गगनयान के लिए प्रशिक्षित चार अंतरिक्ष यात्रियों में, शुभांशु सबसे कम उम्र के थे और यह बात लाभदायक रही। अंतरिक्ष मिशनों के लिए त्वरित अनुकूलन की आवश्यकता होती है, जिसे युवा अधिक कुशलता से संभाल सकते हैं।

प्रश्नःक्या आपको लगता है कि गगनयान वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और महिला अंतरिक्ष यात्रियों के लिए संभावनाओं के द्वार खोलेगा?उत्तरःजी बिल्कुल। अंतरिक्ष विज्ञान में पुरुषों और महिलाओं के बीच कोई भेद नहीं है। 15 अगस्त, 2018 को जब प्रधानमंत्री नरेन्?द्र मोदी ने पहली बार गगनयान की घोषणा की थी, तो उन्होंने कहा था कि भारत का एक बेटा या बेटी अंतरिक्ष में जाएंगे । वर्तमान में, चयनित चार अंतरिक्ष यात्री पुरुष हैं, वे वायु सेना से हैं और इसका कारण मुख्यतः उनका उन्नत प्रशिक्षण प्राप्तघ होना है। लेकिन आगे चलकर, वायु सेना से बाहर के अंतरिक्ष यात्रियों को भी शामिल किया जाएगा, जिनमें महिलाएँ भी होंगी। वैश्विक स्तर पर, महिलाएँ अंतरिक्ष अन्वेषण में अग्रणी रही हैं। भारत में भी, इसरो की कई परियोजनाओं का नेतृत्व महिला वैज्ञानिकों ने किया है, चाहे वह चंद्रयान हो, आदित्य हो या अन्य।

प्रश्नः क्या गगनयान भारत के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानवयुक्त अंतरिक्ष यान मिशनों में शामिल होने या अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त करेगा?उत्तरःभारत 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन नामक स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने वाला है। प्रधानमंत्री ने ह्लसुदर्शन सुरक्षा चक्रह्व का भी उल्लेख किया है, जहाँ अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी राष्ट्रीय सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसलिए, 2035 एक युगांतकारी वर्ष होगा... उसके पाँच साल बाद, भारत का लक्ष्य चंद्रमा की सतह पर मानव सहित मिशन भेजना है।

प्रश्नः भारत सेमीकंडक्टर और एआई तकनीकों में प्रगति कर रहा है, ऐसे में सरकार भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन जैसी परियोजनाओं के लिए सेमीकंडक्टर मिशन को अंतरिक्ष-स्तरीय आवश्यकताओं के साथ कैसे जोड़ रही है?

उत्तरःसेमीकंडक्टरों के व्यापक अनुप्रयोग होंगे, जिनमें अंतरिक्ष मिशन भी शामिल हैं। इसी प्रकार, छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर न केवल पृथ्वी के घने या दुर्गम क्षेत्रों में, बल्कि लंबी अवधि के अंतरिक्ष अभियानों के लिए भी महत्वपूर्ण होंगे। ये तकनीकें अंतरिक्ष स्टेशन जैसी भविष्य की परियोजनाओं को बनाए रखने में महत्वपूर्ण होंगी।

प्रश्नः चंद्रमा या मंगल मिशन के दौरान आप भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को किस प्रकार के प्रयोग करते देखना चाहेंगे?

उत्तरःहाल के मिशन में, प्रयोगों को सात श्रेणियों में बांटा गया था। जीवन विज्ञान विशेष रूप से महत्वपूर्ण रहा। उदाहरण के लिए, मायोजेनेसिस–सूक्ष्मगुरुत्व या माइक्रोग्रेविटी में मांसपेशियों के क्षय और पुनर्जनन–का अध्ययन कैंसर, मधुमेह या यहाँ तक कि पृथ्वी पर फ्रैक्चर से उबरने जैसी स्थितियों के लिए सीधे तौर पर प्रासंगिक है। एक अन्य समूह ने लंबे समय तक स्क्रीन के संपर्क में रहने के संज्ञानात्मक प्रभावों का अध्ययन किया, जो आज के डिजिटल युग में अत्यधिक प्रासंगिक है। हमने सूक्ष्मगुरुत्व या माइक्रोग्रेविटी में मेथी जैसे पौधे उगाने का भी प्रयोग किया, जो पुनयोर्जी जीव विज्ञान और आनुवंशिक अनुप्रयोगों से संबंधित अनुसंधान में सहायक हो सकता है।

मुख्य बात यह है कि अंतरिक्ष प्रयोग केवल कक्षा में मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि वे पृथ्वी पर लोगों के लिए भी लाभकारी हैं और विश्वगुरु भारत के विचार को आगे बढ़ाते हैं।

प्रश्नः स्पैडेक्स के बाद, भारत वैश्विक ग्राहकों के लिए अंतरिक्ष डॉकिंग और उपग्रह सेवा का मुद्रीकरण कब शुरू करेगा?

उत्तरःहमने स्पैडेक्स के माध्यम से डॉकिंग और अनडॉकिंग का अनुभव प्राप्त करना शुरू कर दिया है। आगामी चंद्रयान-4 मिशन, जो 2028 के आसपास अपेक्षित है, में जटिल डॉकिंग और अनडॉकिंग प्रक्रियाएँ करने वाले कई मॉड्यूल शामिल होंगे। इससे हमें अंतरिक्ष स्टेशन जैसी बड़ी परियोजनाओं के लिए आवश्यक विशेषज्ञता प्राप्त होगी। अंतरिक्ष पर्यटन व्यवहार्य होते ही, डॉकिंग तकनीक यात्री सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण होगी। समय के साथ, भारत द्वारा वैश्विक ग्राहकों के लिए डॉकिंग, सर्विसिंग और पर्यटन संबंधी बुनियादी ढाँचा प्रदान करने के साथ ही मुद्रीकरण भी होगा।

प्रश्नः भारत सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से पाँच वर्षों में 52 जासूसी उपग्रह प्रक्षेपित करने की योजना बना रहा है। ऐसे सहयोगों से राष्ट्रीय सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी?

उत्तरःसुरक्षा उपाय पहले से ही मौजूद हैं। हमने इन-स्पेतस (भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र) बनाया है, जो अंतरिक्ष में सार्वजनिक-निजी भागीदारी को नियंत्रित करता है। यह सुरक्षा संबंधी सरोकारों का पूरी तरह ध्यान में रखना सुनिश्चित करते हुए सहयोग के पैमाने और प्रकृति का निर्धारण करता है। साथ ही, हमने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति देकर इस क्षेत्र को उदार बनाया है। विनियमन और खुलेपन का यह संतुलन राष्ट्रीय हितों से समझौता किए बिना नवाचार को संभव बनाता है। प्रश्नः 1,000 करोड़ रुपये के उद्यम पूंजी कोष को मंजूरी मिल गई है, लेकिन पिछले साल अंतरिक्ष-तकनीक फंडिंग में कमी आई। यह कोष स्टार्टअप्स को कैसे सहायता देगा?उत्तरःकुछ साल पहले तक, अंतरिक्ष क्षेत्र में स्टार्टअप्स का होना लगभग असामान्ये था। आज, हमारे पास लगभग 400 स्टार्टअप हैं, जिनमें से कुछ पहले ही सफल उद्यमी बन चुके हैं। स्टार्टअप केवल रॉकेट लॉन्च करने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये मैपिंग, स्मार्ट सिटी, कृषि, टेलीमेडिसिन और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में भी फैले हुए हैं। इस कोष का उद्देश्य उन्हें आगे बढ़ने के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करना है। अंतरिक्ष अचानक करियर का एक आकर्षक विकल्प बन गया है। एयरोस्पेस इंजीनियरिंग, जो कभी एक विशिष्ट क्षेत्र हुआ करता था, अब आईआईटी में सबसे अधिक मांग वाली शाखाओं में से एक है। यह बदलाव अपने आप में इस क्षेत्र में बढ़ते अवसरों को दर्शाता है। प्रश्नः भारत ने 2033 तक वैश्विक अंतरिक्ष बाजार का 8 प्रतिशत हिस्सा प्राप्तअ करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।



# जंक फूड को ना, पोषण को कहें हां

भारत में प्रतिवर्ष लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए संतुलित आहार सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से एक से सात सितम्बर के बीच ह्यराष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाता है। भारत सरकार के महिला और बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत खाद्य और पोषण बोर्ड प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ इसका आयोजन करता है, जो पूरे सप्ताह के दौरान होने वाली गतिविधियों और कार्यक्रमों की दिशा निर्धारित करती है। 2025 के राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का विषय है ह्यबेहतर जीवन के लिए सही भोजन करेंह्न जो समग्र कल्याण को बढ़ावा देने और कुपोषण को रोकने के लिए सभी आयु समूहों के लिए संतुलित आहार और स्वस्थ खाने की आदतों के महत्व पर जोर देता है। दरअसल स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक और संतुलित आहार के सेवन की आवश्यकता है लेकिन आज की बिगड़ी जीवनचर्या और गलत खानपान के कारण लोगों में तरह-तरह की बीमारियां पनप रही हैं। एक स्वस्थ और संतुलित आहार हमारे शरीर के विभिन्न अंगों को पोषण प्रदान करता है और हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक होता है। पोषण सप्ताह के अवसर पर बेहतर स्वास्थ्य के लिए लोगों को शरीर को पोषण देने वाली खानपान की चीजों के बारे में जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। दरअसल स्वास्थ्य के मोर्चे पर भारत द्वारा बेहतर कार्य करने के बावजूद लोगों में सेहत को लेकर जागरूकता के अभाव के चलते रोगियों का आंकड़ा बढ़ रहा है, जो उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं पर बहुत भारी पड़ रहा है।

पोषण के महत्व को समझते हुए लोगों को खानपान, पोषण की पूर्ति और सेहत को लेकर जागरूक करने के लिए मार्च 1975 में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाए जाने की घोषणा सर्वप्रथम ह्यअमेरिकन डायटेटिक्स एसोसिएशनह्न द्वारा की गई थी, जिसे अब ह्यन्यूट्रिशन एंड डाइट साइंस एकेडमीह्न के नाम से जाना जाता है। 1980 में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पोषण सप्ताह एक सप्ताह के बजाय पूरे एक माह तक मनाया जाने लगा लेकिन 1982 में निर्णय लिया गया कि इसे पूरे एक महीने के बजाय सितम्बर महीने के पहले सप्ताह में ही मनाया जाएगा। तभी से एक से सात सितम्बर तक ह्यराष्ट्रीय पोषण सप्ताहह्न मनाया जा रहा है।



पोषण सप्ताह के अवसर पर लोगों को शरीर को पोषण देने वाले फल, सब्जियों और अन्य पौष्टिक खाद्य सामग्रियों को आजमाने के लिए प्रेरित किया जाता है। कुपोषण का मनुष्य के स्वास्थ्य और विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादकता में कमी और आर्थिक पिछड़ेपन की समस्या भी उत्पन्न होती है।

पोषण स्वास्थ्य और कल्याण का केन्द्र बिंदु है, जो कार्य करने के लिए शक्ति एवं ऊर्जा प्रदान करता है और तंदुरुस्त एवं बेहतर महसूस करने में भी मददगार होता है। पर्याप्त पोषण का सेवन करने वाले व्यक्ति अधिक कार्य करते हैं जबकि खराब पोषण प्रतिरक्षा में कमी, बीमारी के जोखिम को बढ़ाने, शारीरिक एवं मानसिक विकास को क्षीण करने तथा कार्यक्षमता में कमी पैदा करने का कार्य करता हैं। अच्छे पोषण का उत्पादकता, आर्थिक विकास तथा अंततः राष्ट्रीय विकास पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है और अच्छा पोषण लोगों को स्वस्थ बनाए रखते हुए स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण भी करता है। इसीलिए नियमित शारीरिक गतिविधियों के साथ अच्छे पोषण को अच्छे स्वास्थ्य की आधारशिला माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पोषण का संबंध शरीर की आवश्यकतानुसार आहार के सेवन को माना गया है और कुपोषण को अपर्याप्त या असंतुलित आहार द्वारा खराब पोषण के रूप में परिभाषित किया गया है।

अच्छे पोषण से स्वस्थ बच्चे बेहतर तरीके से सीखते हैं लेकिन आज के दूषित खानपान और फास्टफूड वाली जीवनशैली में कुपोषण खासकर विकासशील देशों की प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। एक अनुमान के अनुसार दुनियाभर में एक तिहाई से भी ज्यादा बच्चों की मृत्यु में कुपोषण का बड़ा योगदान है और पूरी दुनिया में हर तीन कुपोषित बच्चों में से एक भारत में है। भारत को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के लिए 8 मार्च 2018 को पोषण अभियान भी शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य खासतौर से 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं तथा स्तनपान कराने वाली माताओं की पोषण स्थिति में सुधार करना था और वर्ष 2022 के अंत तक देश से कुपोषण खत्म करने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन पोषण अभियान फंड के इस्तेमाल में जिस तरह की उदासीनता देखी जाती रही है, उसे देखते हुए यह लक्ष्य हासिल करना अभी दूर की कौड़ी प्रतीत होता है। नीति आयोग की चौथी प्रगति रिपोर्ट से खुलासा हुआ था कि देश के 23 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों ने तो इस मद में आधे से भी कम फंड का इस्तेमाल किया। यदि हम वाकई देश को कुपोषण मुक्त राष्ट्र का दर्जा देना चाहते हैं तो उदासीनता की इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना होगा।

हमारे भोजन में रंग और खुशबू देने वाले रासायनिक पदार्थ जैसे कुछ ऐसे तत्व भी होते हैं, जो पोषक तत्व नहीं होते लेकिन कार्बोज, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज लवण, पानी इत्यादि प्रमुख पोषण तत्व हैं। यदि ये पोषण तत्व हमारे भोजन में उचित मात्रा में विद्यमान न हों, तो हमारा शरीर अस्वस्थ हो जाएगा। भोजन के वे सभी तत्व, जो शरीर में आवश्यक कार्य करते हैं, पोषण तत्व कहलाते हैं। ये आवश्यक तत्व जब हमारे शरीर की आवश्यकतानुसार सही अनुपात में उपस्थित होते हैं, तब उसे सर्वोत्तम पोषण या समुचित पोषण की संज्ञा दी जाती है लेकिन जब पोषक तत्व शरीर में सही अनुपात में विद्यमान नहीं होते या उनके बीच में असंतुलन होता है तो वह कुपोषण कहलाता है यानी अधिक पोषण या कम पोषण दोनों को ही कुपोषण कहा जाता है। कम पोषण का अर्थ है आहार में किसी एक या एक से अधिक पोषण तत्वों की कमी और अधिक पोषण का अर्थ है एक या अधिक पोषक तत्वों की भोजन में अधिकता।

# संपादकीय

## गुटखे-तंबाकू पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर सांसद पप्पू यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखा पत्र...



पप्पू यादव ने पत्र में लिखा है कि गुटखा और तंबाकू सेवन का मुद्दा बेहद संवेदनशील है और इसने हमारे समाज खासकर गरीब और श्रमिक वर्ग की जिंदगी को खोखला कर दिया है। बिहार के चर्चित नेताओं में शुमार पप्पू यादव ने कहा है कि छोटे-छोटे पैकेट में बिकने वाला यह जहर लाखों परिवारों को मौत और तबाही की ओर धकेल रहा है। पत्र में लिखा है, रिक्शा चालक, मजदूर, खेतिहर किसान, दिहाड़ी मजदूर, फुटपाथ पर जीवन बिताने वाले लोग सबसे अधिक इसके शिकार बनते हैं और ये पहले से ही गरीबी, बेरोजगारी और शिक्षा की कमी से जूझ रहे हैं। निर्दलीय सांसद ने अपने पत्र में लिखा है, यह केवल स्वास्थ्य की समस्या नहीं बल्कि सामाजिक और आर्थिक विनाश की गाथा है। गुटखे में पाए जाने वाले 28 तरह के कैंसर करने वाले रसायन मुंह और गले के कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक और अनेक घातक बीमारियों का कारण बनते हैं। सांसद ने दिया आंकड़ों का हवाला पप्पू यादव ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा है कि भारत में हर साल लगभग 50000 से अधिक लोगों की मौत कैंसर से हो जाती है। पप्पू यादव के मुताबिक, पिछले 15 सालों में गुटखा, तंबाकू की वजह से देश भर में लगभग 57 लाख लोग अपनी जान गंवा चुके हैं और दुनिया भर के स्तर पर यह संख्या हर साल 6.5 लाख से भी ज्यादा है। लाखों परिवारों की जिंदगी और भविष्य का सवाल यादव ने लिखा है, गांवों और कस्बों में जहां स्वास्थ्य सुविधाएं सीमित हैं, वहां कैंसर और गंभीर बीमारियों का उपचार संभव नहीं हो पाता। बड़े अस्पतालों में इलाज इतना महंगा है कि आम आदमी इलाज कराने के बजाय लाचारी और मौत को गले लगाने पर मजबूर हो जाता हैङ्घ यह लाखों परिवारों की जिंदगी और भविष्य का प्रश्न है। जब सरकार ने शराब ड्रग्स और अन्य मादक पदार्थों पर नियंत्रण स्थापित किया है तो गुटखा जैसे जहर को वैध उत्पाद मानना किसी भी तरह से न्यायसंगत नहीं है।

## (आस्था)

### इस साल कब है दशहरा? जानें तिथि, रावण दहन का शुभ मुहूर्त और धार्मिक महत्व...

शास्त्रों में दशहरा का विशेष महत्व है। यह पर्व हर साल अश्विन माह में शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाए जाने का विधान है। दशहरा अधर्म पर धर्म की जीत के रूप में मनाया जाता है और इस दिन श्री राम ने लंकापति रावण का वध किया था। साथ ही मां दुर्गा ने महिषासुर नामक राक्षस का अंत किया था। इसलिए यह पर्व विजयादशमी के नाम से भी जाना जाता है। वहीं इस साल दशहरा 2 अक्टूबर को मनाया जाएगा। वहीं इस दिन रवि योग भी बन रहा है। जिससे इस दिन का महत्व और भी बढ़ गया है। आइए जानते हैं दशहरा तिथि और शुभ मुहूर्त 12 महीने बाद व्यापार के दाता बुध करेंगे अपनी उच्च राशि कन्या में प्रवेश, इन राशियों का शुरू होगा गोल्डन टाइम, करियर और कारोबार में तरक्की के योग दशहरा कब है ज्योतिष पंचांग के मुताबिक दशमी तिथि 1 अक्टूबर 2025 को शाम 7 बजकर 2 मिनट पर शुरू हो रही है और इसका अंत 2 अक्टूबर शाम को 7 बजकर 10 मिनट पर होगा। ऐसे में दशहरा का त्योहार गुरुवार, 2 अक्टूबर को मनाया जाएगा। बड़े कारोबारी बनते हैं इन मूलांक वाले लोग, शनि देव की रहती है विशेष कृपा, देश-दुनिया में मिलता है खूब सम्मान और शोहरत 60 करोड़ की धोखाधड़ी के आरोपों के बीच शिल्पा शेट्टी का रेस्टोरेंट बास्टियन होगा बंद, आखिरी दिन को करेंगी सेलिब्रेट मटन मार्केट में हिंदू औरतों की नग्न लाशें लटकी हुई थीं, 12 साल बाद पितृ पक्ष में बनेगा पावरफुल गजकेसरी राजयोग, इन राशियों की चमक सकती है किस्मत, धन-संपत्ति में अपार बढ़ोतरी के आसार दशहरा रावण दहन का शुभ मुहूर्त शास्त्रों के अनुसार रावण दहन प्रदोष काल में करने का विधान जो सूर्यास्त के बाद आरंभ होता है। इस दिन सूर्यास्त का समय शाम 6 बजकर 5 मिनट है, इसलिए इसके बाद रावण दहन किया जाएगा।12 घंटे बाद भूमिपुत्र मंगल और चंद्र की चाल में होगा बदलाव, इन राशियों की पलट सकती है किस्मत, आकस्मिक धनलाभ के योग दशहरा अबूझ मुहूर्त ज्योतिष शास्त्र में दशहरा तिथि एक अबूझ मुहूर्त माना गया है। मतलब इसमें बिना कोई मुहूर्त देखे, सभी शुभ कार्य किए जा सकते हैं। कोई व्यापार शुरू कर सकते हैं। साथ ही प्रापर्टी या वाहन खरीद सकते हैं। मतलब कोई समान खरीदने के लिए कोई मुहूर्त देखने की जरूरत नहीं है।

## आज का राशिफल

### मेषः चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।

**मेषः** दूसरों के लिए खराब नीयत रखना मानसिक तनाव को जन्म दे सकता है। इस तरह के विचारों से बचें, क्योंकि ये समय की बबार्दी करते हैं और आपकी क्षमताओं को खत्म करते हैं। फौरी तौर पर मजे लेने की अपनी प्रवृत्ति पर काबू रखें और मनोरंजन पर जरूरत से ज्यादा खर्च करने से बचें। शाम का वक़्त दोस्तों के साथ बिताना दिलचस्प तो रहेगा ही, साथ ही छुट्टी साथ बिताने की योजनाओं पर भी चर्चा हो सकेगी। शाम को प्रिय के साथ रोमांटिक मुलाकात और साथ में कहीं लजीज खाना खाने के लिहाज से बढ़िया दिन है। कार्यक्षेत्र में लक्ष्य हासिल करने के लिए अपनी पूरी ऊर्जा को इसी ओर लगाएँ।

### वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।

**वृषभः** भरे-पूरे और संतुष्ट जीवन के लिए अपनी मानसिक दृढ़ता में वृद्धि कीजिए। अपने अतिरिक्त धन को सुरक्षित जगह पर रखिए, जो आने वाले वक़्त में आप फिर पा सकें। नया रूप-रंग, नये कपड़े-लत्ते, नये यार-दोस्त आज का दिन खास बनाएंगे। प्यार-मोहब्बत के मामले में जल्दबाजी में कदम उठाने से बचें। संतोषजनक परिणाम पाने के लिए काम को योजनाबद्ध तरीके से करें, दफ़्तर की परेशानियों को हल करने में आपको मानसिक तनाव का सामना करना पड़ सकता है। आज काफी दिगागी कसरत मुमकिन है। आपमें से कुछ शतरंज खेल सकते हैं।

### मिथुनः क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।

**मिथुनः** आज आपको आराम करने और करीबी दोस्तों व परिवार के साथ खुशी के कुछ पल बिताने की जरूरत है। जो लोग दुग्ध उद्योग से जुड़े हैं उन्हें आज आर्थिक लाभ होने की प्रबल संभावना है। आपकी स्वच्छन्द जीवनशैली घर में तनाव पैदा कर सकती है, इसलिए देर रात तक बाहर रहने और ज्यादा खर्च करने से बचें। आज रुमानियत का मौसम जरा खराब लगता है, क्योंकि आपका साथी आपसे आज कुछ ज्यादा ही अपेक्षा करेगा। साझीदार से संवाद कायम करना बहुत कठिन सिद्ध होगा।

### कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।

**कर्कः** आज का दिन मौज-मस्ती और आनन्द से भरा रहेगा-क्योंकि आप जिन्दगी को पूरी तरह जिएंगे। आज निवेश के जो नए अवसर आपकी ओर आएँ, उनपर विचार करें। लेकिन धन तभी लगाएँ जब आप उन योजनाओं का भली-भांति अध्ययन कर लें। आपको अपने घर के माहौल में कुछ सकारात्मक बदलाव करने पड़ेंगे। कुछ लोगों के लिए जल्द ही शादी की शहनाई बज सकती है, जबकि दूसरे जिन्दगी में नए रोमांस का अनुभव करेंगे।

### सिहंः मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।

**सिंहः**अपनी सेहत को ध्यान में रखकर चीखने-चिल्लाने से बचें। आप उन योजनाओं में निवेश करने से पहले दो बार सोचें जो आज आपके सामने आयी हैं। दोस्तों के साथ शाम बेहद मजेदार और हँसी-खुशी से भरपूर रहेगी सावधान रहें, कोई आपसे दिल्लगी या फ़्लर्ट करके अपना उल्लू सीधा कर सकता है। करिअर के नजरिए से शुरू किया सफर कारगर रहेगा। लेकिन ऐसा करने से पहले अपने माता-पिता से इजाजता जरूर ले लें, नहीं तो बाद में वे आपत्ति कर सकते हैं। खाली वक्त में आप कोई फिल्म देख सकते है।

### कन्याः टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।

**कन्याः** भरे-पूरे और संतुष्ट जीवन के लिए अपनी मानसिक दृढ़ता में वृद्धि कीजिए। आज सिर्फ बैठने की बजाय कुछ ऐसा कीजिए जो आपकी कमाई में इजाफा कर सके। अचानक मिली कोई अच्छी खबर आपका उत्साह बढ़ा देगी। परिवार के लोगों के साथ इसे बांटना आपको उल्लास से भर देगा। मुहब्बत का सफर प्यारा, मगर छोटा होगा। दफ़्तर में आप तारीफ पाएंगे। रात के समय आज आप घर के लोगों से दूर होकर अपने घर की छत या किसी पार्क में टहलना पसंद करेंगे। आपका वैवाहिक जीवन आपके परिवार के चलते नकारात्मकर रूप से प्रभावित हो सकता है।

### तुलाः रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।

**तुलाः** आपको लंबे समय से महसूस हो रही थकान और तनाव से आराम मिलेगा। इन परेशानियों से स्थायी निजात पाने के लिए जीवन-शैली में बदलाव लाने का सही समय है। दिन चढ़ने पर वित्तीय तौर पर सुधार आएगा। घर में और आस-पास छोटे-मोटे बदलाव घर की सजावट में चार चांद लगा देंगे। प्रेमी को आज आपकी कोई बात चुभ सकती है। वो आपसे रुठें इससे ही पहले ही अपनी गलती का अहसास कर लें और उन्हें मना लें। ऐसे लोगों से साथ जुड़ें जो स्थापित हैं और भविष्य के रुझानों को समझने में आपकी मदद कर सकते हैं। चंद्रमा की स्थिति को देखते हुए यह कहा जा सकता है।

### वृश्चिकः तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।

**वृश्चिकः**आज आपकी सेहत पूरी तरह अच्छी रहेगी। आप घूमने-फिरने और पैसे खर्च करने के मूड में होंगे- लेकिन अगर आपने ऐसा किया तो बाद में आपको पछताना पड़ सकता है। दूसरों को प्रभावित करने की आपकी क्षमता आपको कई सकारात्मक चीजें दिलाएगी। आपके प्रिय का मूड ठीक नहीं है, इसलिए सोच-समझ कर कोई भी काम करें। अपना कीमती समय सिर्फ योजना बनाने में बर्बाद न करें, बल्कि उसकी ओर कदम बढ़ाएँ और उसपर अमल करना शुरू करें। आज आपके पास लोगों से मिलने-जुलने का और अपने शौक पूरे करने का पर्याप्त खाली वक़्त है।

### धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।

**धनुः**प्रभावशाली लोगों का सहयोग आपके उत्साह को दोगुना कर देगा। जेवर और एंटीक में निवेश फायदेमंद रहेगा और समृद्धि लेकर आएगा। अपने मित्रों के माध्यम से आपका खास लोगों से परिचय होगा, जो आगे चलकर फायदेमंद रहेगा। आपको प्यार में गम का सामना करना पड़ सकता है। जो कला और रंगमंच आदि से जुड़े हैं, उन्हें आज अपना कौशल दिखाने के लिए कई नए मौके मिलेंगे। जो लोग घर से बाहर रहते हैं आज वो अपने सारे काम पूरे करके शाम के समय किसी पार्क या एकांत जगह पर समय बिताना पसंद करेंगे। अपने जीवनसाथी के साथ प्यार-मुहब्बत के लिए काफी वक़्त मिलेगा, लेकिन सेहत गड़बड़ हो सकती है।

### मकरः भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।

**मकरः**रुपये-पैसे के हालात और उससे जुड़ी समस्याएँ तनाव का कारण साबित हो सकती हैं। आर्थिक रुप से आज आप काफी मजबूत नजर आएंगे, ग्रह नक्षत्रों की चाल से आज आपके लिए धन कमाने के कई मौके बनेंगे. ऐसे कामों में सहभागिता करने के लिए अच्छा समय है, जिसमें युवा लोग जुड़े हों। आज अचानक किसी से रोमांटिक मुलाकात हो सकती है। आपके कठिन परिश्रम को पुरस्कार मिलेगा, क्योंकि आपकी पदोन्नति हो सकती है। आर्थिक लाभ के बारे में न सोचें, क्योंकि आगे चलकर आपको इससे बहुत फायदा होगा। यात्रा के दौरान आप नयी जगहों को जानेंगे और महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। जीवनसाथी के साथ यह दिन और दिनों की अपेक्षा बेहतर गुजरेगा।

### कुंभः गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।

**कुंभः** अपने मनमौजी और जिद्दी स्वभाव को काबू में रखें, खास तौर पर किसी जलसे या पार्टी में। क्योंकि ऐसा न करने पर वहाँ का माहौल तनावग्रस्त हो सकता है। दिन की शुरूआत में ही आज आपको कोई आर्थिक हानि हो सकती है जिससे सारा दिन खराब हो सकता है। अपने जीवन-साथी के साथ अपनी गोपनीय जानकारी बांटने से पहले सोच लें। अगर मुमकिन हो तो इससे बचें, क्योंकि इन बातों के बाहर फैलने का खतरा है। अपने साथी के साथ बाहर जाते वक़्त ठीक तरह से व्यवहार करें। किसी नयी परियोजना पर काम करने से पहले अच्छी तरह सोच-विचार लें। कुछ लोगों के लिए आकस्मिक यात्रा दौड़-भाग भरी और तनावपूर्ण रहेगी।

### मीनः दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।

**मीनः** अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए व्यक्तिगत संबंधों का इस्तेमाल करना आपके जीवनसाथी को नाराज कर सकता है। कुछ खरीदने से पहले उन चीजों का इस्तेमाल करें, जो पहले से आपके पास हैं। घरेलू काम थका देने वाला होगा और इसलिए मानसिक तनाव की वजह भी बन सकता है। यह दिन प्रसन्नता और जिन्दादिली के साथ किसी खास संदेश को भी देगा । कामकाज में थोड़ी मुश्किल के बाद आपको दिन में कुछ अच्छा देखने को मिल सकता है। खाली वक्त आज व्यर्थ की बहसों में खराब हो सकता है।



# बौछारी (स्प्रिंकलर) सिंचाई विधि

**स्प्रिंकलर विधि से सिंचाई में पानी का छिड़काव के रूप में प्रयोग किया जाता है। जिससे पौधें पर वर्षा की बूंदे पड़ती है। बौछारी सिंचाई प्रणाली के मुख्य घटक- बौछारी सिंचाई पद्धति में मुख्य भाग पम्प, मुख्य नली, बगल की नली, पानी उठाने वाली नली एवं पानी छिड़कने वाला फुहारा होता है।**



बौछारी सिंचाई प्रणाली की क्रिया विधि- बौछारी सिंचाई में नली में पानी दबाव के साथ पम्प द्वारा भेजा जाता है जिससे फसल पर फुहारा द्वारा छिड़काव होता है। मुख्य नली बगल की नलियों से जुड़ी होती है। बगल की नलियों में पानी उठाने वाली नली जुड़ी होती है। पानी उठाने वाली नली जिसे राइजर पाइप कहते है, इसकी लम्बाई फसल की लम्बाई, पर निर्भर करती है। क्योंकि फसल की ऊंचाई जितनी रहती है राइजर पाइप उससे ऊंचा हमेशा रखना पड़ता है। इसे सामान्यतः फलस की अधिकतम लम्बाई के बराबर होना चाहिए। पानी छिड़कने वाले हेड घूमने वाले होते है जिन्हें पानी उठाने वाले पाइप से लगा दिया जाता है। पानी छिड़कने वाले यंत्र भूमि के पूरे क्षेत्रफल पर अर्थात फसल के ऊपर पानी छिड़कते है। दबाव के कारण पानी काफी दूर तक छिड़क जाता है। जिससे सिंचाई होती है।

## बौछारी सिंचाई से लाभ

सतही सिंचाई में पानी खेत तक पहुँचने में 15-20 प्रतिशत दूर तक अनुपयोगी रहता है।नहर के पानी से यह हानि 30-50 प्रतिशत तक बढ़ जाती है और सतही सिंचाई में एकसा पानी नहीं पहुँचता जबकि बौछारी सिंचाई से सिंचित क्षेत्रफल 1.5 - 2 गुना बढ़ जाता है अर्थात इस विधि से सिंचाई करने पर 25-50 प्रतिशत तक पानी की सीधे बचत होती है।जब पानी वर्षा की भांति छिड़का जाता है तो भूमि पर जल भराव नहीं होता है जिससे मिट्टी की पानी सोखने की दर की अपेक्षा छिड़काव कम होने से पानी के बहने से हानि नहीं होती है।जिन जगहों पर भूमि ऊंची-नीची रहती है वहॉ पर सतही सिंचाई संभव नहीं हो पाती उन जगहों पर बौछारी सिंचाई वरदान साबित होती है।बौछारी सिंचाई बलुई मिट्टी एवं बुन्देलखण्ड जैसे क्षेत्रों के लिए उपयुक्त विधि है साथ ही यह अधिक ढाल वाली तथा ऊंची-नीची जगहों के लिए सर्वोत्तम विधि है। इन जगहों पर सतही विधि से सिंचाई नहीं की जा सकती है।इस विधि से सिंचाई करने पर मृदा में नमी का उपयुक्त स्तर बना रहता है जिसके कारण फसल की वृद्धि उपज और गुणवत्ता अच्छी रहती है।इस विधि में सिंचाई के पानी के साथ घुलनशील उर्वरक, कीटनाशी तथा जीवनाशी या खरपतवारनाशी दवाओं का भी प्रयोग आसानी से किया जा सकता है।पाला पड़ने से पहले बौछारी सिंचाई पद्धति से सिंचाई करने पर तापक्रम बढ़ जाने से फसल का पाले से नुकसान नहीं होता है।पानी की कमी, सीमित पानी की उपलब्धता वाले क्षेत्रों में दुगना से तीन गुना क्षेत्रफल सतही सिंचाई की अपेक्षा किया जा सकता है।



## रखरखाव एवं सावधानियाँ



बौछारी सिंचाई के प्रयोग के समय एवं प्रयोग के बाद परीक्षण कर लेना चाहिए और कुछ मुख्य सावधानियाँ रखने से सेट अच्छी तरह चलता है। जैसे - प्रयोग होने वाला सिंचाई जल स्वच्छ तथा बालू एवं अत्यधिक मात्रा घुलनशील तत्वों से युक्त होना चाहिए तथा उर्वरकों, फफूंदी/खरपतवार नाशी आदि दवाओं के प्रयोग के पश्चात सम्पूर्ण प्रणाली को स्वच्छ पानी से सफाई कर लेना चाहिए।

प्लास्टिक वाशरों को आवश्यकतानुसार निरीक्षण करते रहना चाहिए और बदलते रहना चाहिए। रबर सील को साफ रखना चाहिए तथा प्रयोग के बाद अन्य फिटिंग भागों को अलग कर साफ करने के उपरान्त शुष्क स्थान पर भण्डारित करना चाहिए।

# रबी राजमा



**रबी ऋतु में राजमा की खेती का प्रचलन मैदानी क्षेत्र में विगत कुछ वर्षों से हुआ है। अभी राजमा के क्षेत्रफल व उत्पादन के आंकड़े उपलब्ध नहीं है।**

## भूमि

दोमट तथा हल्की दोमट भूमि अधिक उपयुक्त है। पानी के निकास की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए।

## भूमि की तैयार

प्रथम जुताई मिट्टी पलटने वाले हल से तथा 2-3 जुताई देशी हल या कल्टीवेटर से करने पर खेत तैयार हो जाता है। बुवाई के समय भूमि में पर्याप्त नमी अति आवश्यक है।

## बीज की मात्रा

120 से 140 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर पंक्ति से पंक्ति की दूरी 30-40 सेमी0 तथा पौधे से पौधा 10 सेमी0 । बीज 8-10 सेमी0 गहराई में थीरम से बीज उपचार करने के बाद डालना चाहिए ताकि पर्याप्त नमी मिल सके।

## बुवाई

अक्टूबर का तृतीय एवं चतुर्थ सप्ताह बुवाई के लिए उपयुक्त है। पूर्वी क्षेत्र में नवम्बर के प्रथम सप्ताह में भी बोया जाता है। इसके बाद बोने से उत्पादन घट जाता है।

## उर्वक

राजमा में राइजोबियम ग्रन्थियां न होने के कारण नत्रजन की अधिक मात्रा में आवश्यकता होती है। 120 किग्रा0 नत्रजन, 60 किग्रा0फास्फेट एवं 30 किग्रा0 पोटाश प्रति हेक्टेयर तत्व के रूप में देना आवश्यक है। 60 किग्रा0 नत्रजन तथा फास्फेट एवं पोटाश की पूरी मात्रा बुवाई के समय तथा बची आधी नत्रजन की मात्रा टाप ड्रेसिंग में देनी चाहिए। 20 किग्रा0/हेक्टर गंधक देने से लाभकारी परिणाम मिले हैं। 2त्न यूरिया के घोल का छिड़काव 30 दिन तथा 50 दिन पर करने से उपज बढ़ती है।

## सिंचाई

राजमा में 2 या 3 सिंचाई की आवश्यकता पड़ती है। बुवाई के चार सप्ताह बाद प्रथम सिंचाई अवश्य करनी चाहिए। बाद की सिंचाई एक माह के अन्तराल पर करें, सिंचाई हल्के रूप में करना चाहिए ताकि पानी खेत में न ठहरे।

## निराई-गुड़ाई

प्रथम सिंचाई के बाद निराई एवं गुड़ाई करनी चाहिए। गुड़ाई के समय थोड़ी मिट्टी पौधे पर चढ़ा देनी चाहिए ताकि फली लगने पर पौधे को सहारा मिल सके। फसल उगने के पहले पेन्डीमेथलीन का छिड़काव (3.3 लीटर/हेक्टर) करके भी खरपतवार नियंत्रण किया जा सकता है।

## बीज शोधन

उपयुक्त फफूँदीनाशक पाउडर जैसे कार्बान्डाजिम या थीरम 2 ग्रा./प्रति किग्रा0 बीज की दर से बीज शोधन करने से अंकुरण के समय रोगों का प्रकोप रूक जाता है।



## रोग नियंत्रण

पत्तियों पर मौजेक देखते ही डाइमेथेयेट 30 प्रतिशत ई.सी. 1 लीटर अथवा इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत एस.एल. की 250 मिली0 मात्रा को 500-600 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करने से सफेद मक्खियों का नियंत्रण हो जाता है। जिससे यह रोग फैल नहीं पाता। रोगी पौधे को प्रारम्भ में ही निकाल दें ताकि रोग फैल न सके।

## फसल कटाई एवं भण्डारण

जब फलियां पक जायें तो फसल काट लेनी चाहिए। अधिक सुखाने पर फलियां चटकने लगती हैं। मड़ाई या कटाई करके दाना निकाल लेते हैं।



## संक्षिप्त खबरें

### कार के सर्विस सेंटर में लगी आग, आठ गाड़ियां जलकर खाक

**नोएडा:** नोएडा के सेक्टर-63 में एक कार के सर्विस सेंटर में आग लगी। इसमें आठ गाड़ियां भी जली हैं। आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड ने त्वरित कार्रवाई की और 8 गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया। गौतमबुद्धनगर के मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) प्रदीप कुमार ने बताया कि कोई जनहानि नहीं हुई है।

### आतंकी हमले में फंडिंग और ड्रग तस्करी का डर दिखाकर महिला से ठगे 44 लाख, 23 दिन रखा डिजिटल अरेस्ट

**नोएडा :** साइबर जालसाजों ने पहलगाम आतंकी हमले में फंडिंग और ड्रग्स तस्करी में शामिल बताकर एक बुजुर्ग महिला को 23 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा और 44 लाख की ठगी कर ली। जालसाजों ने अनैतिक गतिविधियों में आधार कार्ड और मोबाइल नंबर का इस्तेमाल होने का डर दिखाया था। बुजुर्ग महिला बीमा कंपनी से सेवानिवृत हैं। इस मामले में साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सेक्टर 41 निवासी 76 वर्षीय महिला ने पुलिस से शिकायत की है कि वह बीमा कंपनी के निदेशक के रूप में काम करती थीं। अभी वह घर में अकेली रहती हैं। उनके पास 18 जुलाई को नेहा नाम की एक युवती का फोन आया। उसने खुद को एयरटेल की कर्मचारी बताया।

### लूट मामले में नाबालिग निकला आरोपी, जेल से बाल सुधार गृह किया शिफ्ट

**फरीदाबाद।** सेक्टर-17 थाना इलाके में हुई कैब चालक से लूट के मामले में पकड़कर जेल भेजे गए आरोपी को अदालत ने नाबालिग करार दिया है। परिवार की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने सभी पक्षों को सुना। बीके अस्पताल की टीम ने ओसिफिकेशन टेस्ट के बाद किशोर की उम्र 15 से 17 साल बताई। इसके आधार पर कोर्ट ने किशोर को जेल से बाल सुधार गृह शिफ्ट कराया है। साथ ही पुलिस को भी निर्देश दिए हैं कि उसके खिलाफ सप्लिमेंट्री चालान जेजेबी के समक्ष पेश करें। सेक्टर-17 थाना में ये एफआईआर 13 नवंबर 2024 को दर्ज हुई थी।

# युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में सात आरोपियों को सात वर्ष की कैद

**गुरुग्राम।** पालम विहार क्षेत्र में कूड़ा-कचरा उठाने के काम की रंजिश रखते हुए युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में अदालत ने सात आरोपियों को दोषी करार दिया है। एडीजे सुनील कुमार दीवान की अदालत ने सभी दोषियों को सात-सात वर्ष की कैद और 50 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। 07 अक्तूबर 2021 को पालम विहार थाने को शिकायत मिली कि झगड़े के दौरान मारपीट में घायल एक व्यक्ति को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने अस्पताल में पहुंचकर घायल के बयान दर्ज किए। पीड़ित ने बताया कि वह एक एनजीओ का अध्यक्ष है। वर्ष 2019 में एनजीओ ने नगर निगम गुरुग्राम (एमसीजी) क्षेत्र में कूड़ा उठाने का ठेका लिया था। कूड़ा उठाने का ठेका एमसीजी ने वर्ष 2039 तक दे रखा था है।



वार्ड-2 पालम विहार एक्सटेंशन में नगर निगम पार्षद शकुंलता का परिवार कूड़ा उठवाने का काम करते हैं। जब पीड़ित ने पार्षद के द्वारा कूड़ा उठाने का विरोध किया तो नवीन नाम के युवक ने उसे धमकी दी और पिस्टल लेकर उसके कार्यालय में आया। बाद में नवीन ने माफी मांग ली और आपस में राजीनामा हो गया। इसके बाद नवीन ने उसे फिर से धमकी दी तो पीड़ित युवक ने सीएम विंडो पोर्टल पर शिकायत डाल दी।

नवीन शिकायत वापस लेने की धमकी देने लगा। इसके बाद 07 अक्तूबर 2021 को पीड़ित युवक अपने कार्यालय में मौजूद था तो इसी दौरान बाइकों पर सवार होकर आए करीब छह युवकों ने उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके कार्रवाई करते हुए पालम विहार निवासी भारत भूषण उर्फ मनी व नवीन यादव को, रोहतक के सांपला निवासी जगदीप नेनी व सतेंद्र को, झज्जर चारा पाना गांव निवासी के विक्की उर्फ कलिया उर्फ काला को और बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) कमालपुरा गांव निवासी शरजील उर्फ सोना व रियान उर्फ बबलू उर्फ मोना को गिरफ्तार किया। मामले में पुलिस ने जांच करते हुए आरोपियों के खिलाफ सभी आवश्यक साक्ष्य व गवाह एकत्रित करके अदालत में पेश किए।

अदालत में दाखिल की गई चार्जशीट और पुलिस द्वारा एकत्रित किए गए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर एडीजे सुनील कुमार दीवान की अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी करार दिया। अदालत ने आरोपियों को धारा 307 आईपीसी के तहत सात साल की कैद व 50 हजार रुपये का जुमार्ना, धारा 120बी आईपीसी के तहत सात साल की कैद व 50 हजार रुपये का जुमार्ना, धारा 323 आईपीसी के तहत छह माह की कैद व छह हजार रुपये का जुमार्ना, धारा 325 के तहत पांच वर्ष की कैद व 25 हजार रुपये का जुमार्ना व 506 आईपीसी के तहत दो वर्ष की कैद व 10 हजार रुपये का जुमार्ना की सजा सुनाई है।

# आज दिल्ली पर दिन भारी !: घाट डूबे ...निचले इलाकों में भरा पानी; खतरे के निशान से इतनी ऊपर यमुना

**नई दिल्ली :** दिल्ली में यमुना नदी के उफान ने एक बार फिर बाढ़ का खतरा बढ़ा दिया है। मंगलवार सुबह हथिनीकुंड बैराज से हर घंटे 1.5 से 2 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, जिसके आज दिल्ली पहुंचने से हालात और गंभीर हो सकते हैं। आज सुबह 8 बजे ओल्ड रेलवे ब्रिज (डफ्ह) पर यमुना का जलस्तर 206.83 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान 205.33 मीटर से काफी ऊपर है। केंद्रीय जल आयोग के मुताबिक, देर रात 11 बजे जलस्तर 206.45 मीटर को पार कर गया था।

## दिल्ली से नोएडा तक हजारों लोग प्रभावित

यमुना बाजार, बुराड़ी, एमनेस्टी मार्केट, तिब्बती बाजार, बासुदेव घाट और आईटीओ का छठ घाट जैसे इलाके पानी में डूब गए हैं। यमुना खादर, यमुना वाटिका और आसिता जैसे रिवर फ्रंट पार्क भी जलमग्न हो चुके हैं। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में करीब 1,000 अवैध फार्महाउस पानी में डूब गए, जबकि जेवर के हजारों बीघा खेतों की फसलें बर्बाद हो गईं। प्रशासन ने नदी किनारे की झुग्गियों को खाली करवाया और करीब 4,500 लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया है। मयूर विहार, गीता कॉलोनी और पल्ला जैसे क्षेत्रों में टेंट लगाकर लोगों को भोजन और दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं।



## लोहा पुल बंद, ट्रैफिक डायवर्जन

उफनती यमुना के कारण दिल्ली पुलिस ने पुराना लोहा पुल मंगलवार शाम 4 बजे से अगले आदेश तक बंद कर दिया है। ट्रैफिक को हनुमान सेतु, राजा राम कोहली मार्ग और गीता कॉलोनी रोड की ओर डायवर्ट किया गया है।

आईएसबीटी कश्मीरी गेट, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन और लाल किला से आने वाले वाहनों को बाहरी रिंग रोड लूप से डायवर्ट किया जा रहा है, जबकि शाहदरा, सीलमपुर और शास्त्री पार्क से आने वाले वाहनों को पुश्ता रोड से रिंग रोड की ओर भेजा जा रहा है।

पूर्वी दिल्ली से आने वाले वाहनों को गीता कॉलोनी फ्लाईओवर और शांति वन चौक की ओर डायवर्ट किया गया है। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लोगों से नदी किनारे न जाने की अपील की है।



## डर के साए में कट रही रातः यमुना का जलस्तर खतरे के निशान के पार, दिल्ली में बिगड़े हालात; लोगों ने सुनाई आपबीती

**नई दिल्ली :** पूर्वी दिल्ली के उस्मानपुर, गढी मांडू, यमुना खादर समेत अन्य इलाकों में यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। नदी अपने किनारों को पार करके आबादी वाले इलाके के करीब पहुंच गई है। हर घंटे के साथ नदी का बढ़ता जलस्तर स्थानीय निवासियों को डरा रहा है। लोग दहशत में हैं कि बाढ़ कहीं उनकी जीवन भर की पूंजी न बहा ले जाए। निवासियों का आरोप है कि शासन-प्रशासन ने समय रहते राहत की ठोस व्यवस्था नहीं की, जिसके चलते मुश्किल और बढ़ गई है। बाढ़ के डर से कई परिवार इलाका छोड़कर किराए के मकानों में शरण लेने की तैयारी में है। मंगलवार को उस्मानपुर की तंग गलियों में पानी भरने लगा। इससे निचले इलाकों में रहने वाले लोगों के घरों में पानी घुस गया। इलाके में बिजली काट दी गई है, जिससे रातें और डरावनी हो गई हैं।

# कार भेजने के नाम पर ठगी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद से रायपुर तक कार भेजने के नाम पर 45 हजार रुपये की ठगी मामले में आरोपी को साइबर क्राइम थाना एनआईटी की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ललित (26) भिवानी का रहने वाला है। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि इसके साथ रहने वाले दोस्त ने शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप व ईमेल भेजने के लिए ललित के मोबाइल से इंटरनेट का प्रयोग किया था। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपी को पांच दिन के रिमांड पर लेकर टीम पूछताछ कर रही है। ठगी को लेकर साइबर क्राइम थाना एनआईटी पुलिस को ये शिकायत एनएचपीसी इलाके के रहने वाले व्यक्ति ने दी थी। इसमें कहा गया कि उनको अपनी गाड़ी फरीदाबाद से रायपुर भेजने के लिए वीआरएल लॉजिस्टिक्स कम्पनी को ऑर्डर दिया था। इसके लिए शिकायतकर्ता ने कंपनी को लॉजिस्टिक्स चार्ज और इंश्योरेंस के लिए 13 हजार रुपये दिए। इसके बाद ठगों ने चालान और तेल डलवाने के लिए शिकायतकर्ता से कुल 45008 रुपये ठग लिए और उनकी गाड़ी भी नहीं दी। जब शिकायतकर्ता ने दोबारा कम्पनी की मेल आईडी सर्च करके बात की तो पता चला कि उनके साथ ठगी हुई है। कंपनी ने ऐसी कोई गाड़ी ट्रांसपोर्ट के जरिये नहीं भेजी। साइबर क्राइम थाना एनआईटी पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## आईपीओ में निवेश के बहाने 33.80 लाख की ठगी में खाताधारक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** आईपीओ में निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर 33.80 लाख रुपये की ठगी में बैंक खाता मुहैया कराने वाले को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी रिंकू करनाल के बरास गांव का रहने वाला है। पूछताछ में पता चला कि इसने अपना बैंक खाता ठगों को दिया हुआ था। इसके खाते में ठगी के 1.70 लाख रुपये आए थे। आरोपी करनाल में ही गाड़ियों पर स्टीकर लगाने की दुकान चलाता है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपी को पूछताछ के बाद जेल भेजा गया है। साइबर क्राइम थाना एनआईटी पुलिस को ये शिकायत एनआईटी पांच के रहने वाले व्यक्ति ने दी थी। इसमें कहा गया कि उनके व्हाट्सएप पर एक लिंक आया। लिंक पर क्लिक करते ही उन्हें एक ग्रुप में जोड़ दिया गया। वहां पर आईपीओ में निवेश करने पर मुनाफा दिलाने का भरोसा दिया गया। लालच में आकर व्यक्ति ने 33.80 लाख रुपये आरोपियों के बताए बैंक खातों में निवेश कर दिए। बाद में रिफंड मांगा तो आरोपी और रुपये जमा करने को कहने लगे। मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच करते हुए अब पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## 1.94 लाख रुपये की ठगी में खाता मुहैया कराने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** युवती के साथ बनी अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर व्यक्ति से 1.94 लाख रुपये की ठगी में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी रिजवान (20) नूंह, मेवात के चहलका गांव का रहने वाला है। पूछताछ में पता चला कि इसने अपना खाता आगे ठगों को दे रखा था। इसके खाते में ठगी के रुपये आए थे। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लेकर टीम पूछताछ कर रही है। साइबर क्राइम थाना सेंट्रल पुलिस को ये शिकायत न्यू भूड कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने दी थी। इसमें कहा गया कि उनके पास एक नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को मीडियाकर्मी बताकर कहा कि तुम्हारी एक युवती के साथ अश्लील वीडियो मेरे पास है। अगर वीडियो डिलीट करवाना चाहते हो तो रुपये भेजने होंगे। रुपये न देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। शिकायतकर्ता ने 194200 रुपये बताए गए बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए। मामले में साइबर क्राइम थाना सेंट्रल की टीम ने एफआईआर दर्ज कर जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## तीन दिन बाद भी यमुना में डूबे युवकों का नहीं चला पता

**फरीदाबाद।** गांव किडावली में रविवार को यमुना में डूबे आयुष और उसके दोस्त धर्मेंद्र को पिछले तीन दिनों से ढूंढ रहे हैं। एसडीआरएफ और पुलिस की टीमों ने करीब 20 किलोमीटर तक सर्च अभियान चलाया है। युवकों के शव अभी तक नहीं मिले हैं। बचाव टीम का कहना है कि यमुना के बढ़े जलस्तर व बहाव के चलते भी शव ढूंढने में दिक्कत आ रही है। रविवार को दिल्ली के मीठापुर में रहने वाले आयुष अपने दोस्त धर्मेंद्र के साथ जन्मदिन मनाने के लिए किडावली गांव आए थे। बर्थडे का केक काटने के बाद दोनों नदी किनारे नहाने जाने लगे। तभी उनका पैर फिसल गया और दोनों डूबने लगे। रविवार से एसडीआरएफ और पुलिस की टीम दोनों युवकों ढूंढने की कोशिश कर रही हैं लेकिन किसी का कुछ पता नहीं चला। जांच अधिकारी देशराज ने बताया कि उनकी टीम ने करीब 20 किलोमीटर तक यमुना नदी में सर्च अभियान चलाया है। टीम ने गांव खेरी कलां, खेरी खुर्द, लालपुर, महावतपुर, मौजाबाद, लतीफपुर, अमीपुर तक ढूंढा है। यमुना में जलस्तर बढ़ने की वजह से ढूंढने में काफी परेशानी हो रही है।

# कुत्तों के डर से डंडे लेकर मॉर्निंग वॉक कर रहीं महिलाएं



**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन स्थित स्टार रामेश्वरम सोसायटी में लावारिस कुत्तों के आतंक के डर से महिलाएं हाथ में डंडा लेकर मॉर्निंग वॉक पर निकल रही हैं। बच्चों को स्कूल ले जाने के लिए भी वह डंडा लेकर चल रही हैं। एओए ने मंगलवार को निगम को पत्र लिखकर कुत्ते पकड़ने की मांग की है।

स्टार रामेश्वर में इस समय 10 लावारिस कुत्ते हैं। इनमें से दो, तीन कुत्ते आक्रामक हो गए हैं और आए दिन किसी न किसी को काट रहे हैं। इसके कारण लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।

बच्चे खेल नहीं पा रहे हैं। बुजुर्ग टहलने के लिए नहीं निकल पा रहे हैं और महिलाएं हर काम के लिए जब भी बाहर निकल रही हैं तो हाथ में डंडा लेकर चल रही हैं। एओए अध्यक्ष चित्रा चौधरी ने बताया कि सुबह टहलने वाली महिलाएं डंडा लेकर निकल रही हैं। चिकीं ने बताया कि बच्चों को स्कूल से लाने और छोड़ने के समय भी लोग डंडा लेकर चल रहे हैं। कुत्तों का आतंक बहुत बढ़ गया है।

## कुत्तों को सुरक्षित स्थान पर भेजने की मांग

उपाध्यक्ष ललित ने बताया कि हमने निगम को पत्र लिखकर सभी लावारिस कुत्तों को सुरक्षित स्थान पर छोड़ने या आश्रय स्थल में रखने की मांग की है। इसके साथ ही सोसायटी परिसर के अंदर कुत्तों को खाना खिलाने पर तत्काल पाबंदी लगाई जाए। भविष्य में किसी को कुत्ते न काटें, इसके लिए निगम की टीम नियमित निगरानी करे।

# लोहे की ग्रिल में आए करंट से युवक की मौत

**गुरुग्राम।** सेक्टर-5 थाना क्षेत्र में दुकान के आगे लगी लोहे की ग्रिल में आए करंट से सोमवार को एक युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया। मंगलवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मृत युवक की पहचान भिंड (मध्य प्रदेश) के तेजपुरा गांव निवासी शीलू प्रजापति के रूप में हुई है। वर्तमान में वह गुरुग्राम के सेक्टर-6 स्थित महावीरपुरा में रह रहा था और चाय की दुकान पर हेल्पर था। सोमवार को दोपहर बाद वह दुकान के आगे से गुजर रहा था तो दुकान के आगे लगी लोहे की ग्रिल से उसका हाथ लग गया। ग्रिल में बल्ब होल्डर लगा होने के कारण करंट आया हुआ था। करंट से उसे झटका लगा और वह अचेत होकर गिर गया। आसपास के दुकानदारों व राहगीरों ने उसको पास के निजी अस्पताल में पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बारे में सेक्टर-5 थाने की पुलिस और मृतक शीलू प्रजापति के परिजनों को सूचित किया गया। बताया जा रहा है कि यह दुकान करीब 25 दिनों से बंद है। जांच अधिकारी जितेंद्र ने बताया कि लोहे की ग्रिल में बल्ब होल्डर लगा होने से करंट आया था। करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है। बिजली विभाग के कर्मचारियों को मौके पर बुलाकर बल्ब होल्डर हटवा दिया गया है ताकि अन्य कोई करंट की चपेट में न आए।



## नेहरू स्टेडियम वाले रास्ते पर तार टूटकर लटका

गुरुग्राम। सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित नेहरू स्टेडियम में जाने वाली सड़क पर मंगलवार को तार टूटकर लटका हुआ था। इस सड़क पर गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त का घर, जिला बाल कल्याण परिषद और सखी-वन स्टॉप सेंटर का कार्यालय भी है। नेहरू स्टेडियम में कोच, खिलाड़ियों व उनके अभिभावकों और कार्यालयों में दिनभर लोगों व स्टाफ का आवागमन रहता है। सड़क के बीच में बिजली का तार टूटकर लटका होने के कारण कोई हादसा होने का अंदेशा बना हुआ था। यहां से निकल रहे लोगों ने हादसे से बचाने के लिए इस तार के नीचे सड़क पर एक लकड़ी को रख दिया, ताकि कोई तार की चपेट में न आए।

# बारिश के चलते गाजियाबाद के बाद गौतमबुद्धनगर में भी आज बंद रहेंगे स्कूल, डीएम ने जारी किये आदेश

**गाजियाबाद :** गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर में लगातार हो रही भारी बारिश को देखते हुए प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। जिलों के सभी स्कूलों में 3 सितंबर 2025 को अवकाश घोषित कर दिया गया है।




## छात्रों की सुरक्षा सर्वोपरि

गाजियाबाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ.पी. यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि यह निर्णय छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

## नर्सरी से 12वीं तक के सभी स्कूल बंद

आदेश के मुताबिक, जनपद में संचालित परिषदीय, राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय, सीबीएसई और आईसीएससी बोर्ड से संबद्ध शिक्षण संस्थान तथा मदरसा बोर्ड से मान्यता प्राप्त सभी स्कूल इसमें शामिल होंगे।

## सख्ती से लागू होगा आदेश

यह अवकाश कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 12 तक के सभी छात्रों पर लागू होगा। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

## चारों ब्लॉक में स्कूल बंद करने का आदेश जारी

वहीं, गौतमबुद्धनगर जनपद के चारों ब्लॉक में संचालित सभी बोर्ड के स्कूल अत्यधिक वर्षा के कारण कल बंद रहेंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने बताया कि जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देश पर बारिश को देखते हुए छुट्टी करने का निर्देश जारी किया है।

जनपद के चारों ब्लॉक में परिषदीय, राजकीय,सहायता प्राप्त सीबीएसईआईसीएसई के साथ अन्य बोर्ड के नर्सरी से 12वीं तक के स्कूल में बुधवार को अवकाश घोषित रहेगा।

# चिकित्सक और कारोबारी सहित तीन से 1.76 करोड़ रुपये की ठगी

**गाजियाबाद।** साइबर ठगों ने जिले के अलग-अलग तीन लोगों से एक करोड़ 76 लाख 10 हजार रुपये की ठगी कर ली। पटेल नगर के कारोबारी यश जैन से विदेश मुद्रा व्यापार में निवेश कराकर 1.11 करोड़ रुपये और इंदिरापुरम की गौर ग्रीन एवेन्यू में रहने वाले चिकित्सक राजीव कुमार गुप्ता से शेयर ट्रेडिंग में 58.70 लाख रुपये और अहिंसा खंड द्वितीय में रहने वाले संजीव कुमार शर्मा को स्विटजरलैंड का ग्रुप बताकर 5.60 लाख रुपये ठगे। तीनों पीड़ितों ने साइबर थाने में ऑनलाइन फ्रॉड करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## विदेशी मुद्रा व्यापार में निवेश कराकर 1.11 करोड़ रुपये ठगे

सिहानी गेट थाना क्षेत्र के पटेल नगर में रहने वाले यश जैन ने बताया कि नवंबर 2024 को एक युवती ने कॉल कर खुद को मुंबई कोलाबा में फैशन डिजाइनिंग का कारोबारी बताया। साथ ही कहा कि वह स्प्रेडेक्स ग्लोबल लिमिटेड से जुड़ी हैं जो विदेशी मुद्रा व्यापार से संबंधित है। इसमें पैसा निवेश करने पर 10 से 15 प्रतिशत मुनाफा प्रतिदिन हो जाता है। युवती ने 13 दिसंबर 2024 को स्प्रेडैक्स ग्लोबल लिमिटेड से जोड़ा और विदेशी मुद्रा व्यापार में निवेश कराया।

# लोन कंपनी का डेटा चुराकर ठगी करने वाला गिरोह पकड़ा, सात गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** साइबर अपराध थाना पश्चिम की पुलिस ने लोन कंपनी का डेटा चोरी करके ठगी करने वाले गिरोह के सात आरोपी गिरफ्तार किए हैं। आरोपी कम ब्याज पर लोन दिलाने और पुराने लोन को बंद कराने का लोगों को झांसा देते थे। पुलिस ने आरोपियों से पांच मोबाइल और 70 हजार रुपये नकदी बरामद की है।

आरोपियों की पहचान वैशाली (बिहार) के महसपुर गांव निवासी मोहम्मद मुजफ्फर अली, साउथ 24 परगना (पश्चिम बंगाल) निवासी अमीर हुसैन, नालन्दा (बिहार) के शेखाना खुर्द गांव निवासी मोहम्मद कासिफ, दरभंगा (बिहार) के मिजार्पुर गांव निवासी मोहम्मद इरफान अंसारी, दिल्ली के कापसहेड़ा निवासी अंकित कुमार, दिल्ली के नांगली विहार निवासी सुमित ढिका और शाहजहांपुर (उत्तर प्रदेश) के केशवपुरा निवासी सुमित कुमार के रूप में हुई है। आरोपी मोहम्मद मुजफ्फर अली, मोहम्मद इरफान अंसारी व सुमित कुमार वर्तमान में कापसहेड़ा (दिल्ली) में रह रहे हैं। पुलिस ने सोमवार को आरोपी सुमित ढिका व सुमित कुमार और अन्य पांच आरोपियों को मंगलवार को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया है।



## रिमांड पर लेकर की थी पूछताछ

पुलिस ने 29 अगस्त को आरोपी मोहम्मद मुजफ्फर को गुरुग्राम से, 30 अगस्त को आरोपी अमीर हुसैन, मोहम्मद कासिफ को नालन्दा (बिहार) से, आरोपी मोहम्मद इरफान अंसारी व अंकित कुमार को गुरुग्राम से और 31 अगस्त को आरोपी सुमित ढिका व सुमित कुमार को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया था। आरोपी मोहम्मद मुजफ्फर अली, अमीर हुसैन व मोहम्मद कासिफ को तीन दिन के रिमांड पर और आरोपी इरफान व अंकित को दो दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ की।

## कॉल करके खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताते थे

आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि वे सभी कापसहेड़ा (दिल्ली) में रहते हैं और एक-दूसरे को जानते हैं। आरोपी मोहम्मद मुजफ्फर के अन्य साथी लोन देने वाली कंपनी से डेटा लेकर ग्राहकों के मोबाइल पर कॉल करके कंपनी का प्रतिनिधि बताकर लोन समाप्त करने या कम ब्याज पर लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी करते थे। आरोपी मोहम्मद ने शिकायतकर्ता की लोन देने वाली कंपनी में काम करने वाले इसके साथी आरोपी इरफान (लोन कंपनी में सेल्स टेलीकॉलर/ पूर्व कर्मचारी), सुमित ढिका (लोन कंपनी सिनियर स्पेशलिस्ट) और सुमित कुमार (लोन कंपनी में जूनियर ऑपरेटर) से कंपनी से लोन लेने वाले लोगों का डेटा प्राप्त करता। उस डेटा को अपने साथी अमीर हुसैन व मोहम्मद कासिफ को दे देता था।

# पाकिस्तान के पावर-हिटर आसिफ अली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया



**नई दिल्ली एजेंसी।** पाकिस्तानी बल्लेबाज आसिफ अली ने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया है कि वह घरेलू क्रिकेट खेलते रहेंगे। पाकिस्तान के मध्यक्रम बल्लेबाज आसिफ अली ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करता हूं। पाकिस्तान की जर्सी पहनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। क्रिकेट के मैदान पर अपने मुल्क की सेवा करना मेरे लिए सबसे गर्व की बात है। आसिफ अली ने समर्थकों का आभार जताते हुए कहा, अपने फैंस, साथियों और कोच का शुक्रिया, जिन्होंने हर उतार-चढ़ाव में मुझे प्यार, भरोसा और समर्थन दिया। अपने परिवार और दोस्तों का भी धन्यवाद, जो मेरे साथ खुशियों में और मुश्किल घड़ियों में खड़े रहे, खासकर विश्व कप के दौरान मेरी प्यारी बेटी के निधन जैसी त्रासदी में, उनकी मजबूती ने मुझे आगे बढ़ने की ताकत दी। उन्होंने लिखा, मैं अपार कृतज्ञता के साथ संन्यास लेता हूं। मैं आगे भी घरेलू और दुनियाभर की लीग क्रिकेट खेलकर अपने खेल के प्रति जुनून को साझा करता रहूंगा। आसिफ अली ने अप्रैल 2018 में अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने पाकिस्तान की ओर से 21 वनडे मुकाबलों में 25.46 की औसत के साथ 382 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से तीन अर्धशतक देखने को मिले। वहीं, 58 टी20 मुकाबलों में दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 15.18 की औसत के साथ 577 रन अपने खाते में जुटाए। उनका इस्तेमाल मुख्य रूप से एक फिनिशर और पावर-हिटर के रूप में किया गया। आसिफ अली ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2021 में अफगानिस्तान के खिलाफ यादगार पारी खेली थी। पाकिस्तान को जीत के लिए 12 गेंदों में 24 रनों की दरकार थी। ऐसे में आसिफ ने करीम जनत के ओवर में चार छक्के जड़ते हुए 7 गेंदों पर 25 रन बनाकर एक ओवर शेष रहते टीम को जीत दिलाई। एशिया कप-2022 में भारत के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्होंने 8 गेंदों में 16 रनों की पारी खेलते हुए पाकिस्तान को अंतिम ओवर में जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

# मिचेल स्टार्क ने टी20 विश्वकप से पहले उठाया बड़ा कदम



## टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**ब्रिसबेन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। न्यूजीलैंड के खिलाफ एक अक्टूबर से शुरू हो रही तीन मैचों की श्रृंखला के लिए मंगलवार को घोषित आस्ट्रेलियाई टी20 टीम में स्टार्क और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस के नाम नहीं हैं। 33 वर्ष के स्टार्क ने 65 टी20 मैचों में 79 विकेट लिए हैं। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट उनकी प्राथमिकता है और अगले दो साल के व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए उन्हें तैयार रहना है। कमिंस को पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाद से आराम दिया गया है। उनकी कमर में भी दर्द है इसलिए नवंबर में इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला की तैयारी के मद्देनजर उन्हें आराम दिया है। स्टार्क एशेज, भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला और 2027 वनडे विश्व कप के लिये पूरी तरह फिट रहना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ' मैने ऑस्ट्रेलिया के लिए हर टी20 मैच के हर मिनट का मजा लिया है। खासकर 2021 विश्व कप क्योंकि जीत के साथ हमने पूरे सफर का आनंद लिया। स्टार्क ने कहा, ' टी20 से संन्यास लेने का कारण तरोताजा और फिट बने रहना है। इससे गेंदबाजी समूह को टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए भी समय मिल जाएगा। आस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा, ' मिचेल को अपने टी20 करियर पर गर्व होना चाहिए। वह विश्व कप 2021 विजेता टीम का प्रमुख सदस्य था। अच्छी बात यह है कि वह टेस्ट और वनडे क्रिकेट खेलता रहेगा।

# क्रेग मैकमिलन बने न्यूजीलैंड महिला टीम के फुल टाइम असिस्टेंट कोच



**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रेग मैकमिलन को न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम का फुल टाइम असिस्टेंट कोच नियुक्त किया गया है। वह न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी और बल्लेबाजी कोच, बेन सॉयर और डीन ब्राउनली के साथ व्हाइट फर्न्स के बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण विभागों का जिम्मा संभालेंगे। उनकी नियुक्ति आधिकारिक तौर पर इसी सप्ताह से होगी। इस भूमिका के तहत मैकमिलन अपना पूरा समय न्यूजीलैंड महिला टीम और विमेंस प्लेयर्स ऑफ इंटरेस्ट कार्यक्रम को समर्पित करेंगे। इस बीच वह कमेंट्री और अन्य कोचिंग प्रतिबद्धताओं से कुछ समय के लिए दूर रहेंगे। क्रेग इससे ठीक एक साल पहले पार्ट-टाइम कॉन्ट्रैक्ट पर टीम से जुड़े थे। मैकमिलन 2024 में यूएई में हुए आईसीसी टी20 विश्व कप खिताबी जीत के दौरान टीम के साथ थे। मैकमिलन यह जिम्मेदारी पूर्णकालिक रूप से संभालने पर बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा, व्हाइट फर्न्स के साथ इस भूमिका में होना मेरे लिए बेहद खास है। महिला क्रिकेट लगातार मजबूत हो रहा है। मैं हमारी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ काम करते रहने के लिए उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, पिछला साल बहुत जल्दी बीत गया। मुझे उस टीम का हिस्सा होने का हर पल बहुत अच्छा लगा, जो लगातार बेहतर होती जा रही है, एक-दूसरे को चुनौती देती है और विश्व मंच पर खास प्रदर्शन करती है। मैकमिलन ने बताया कि विमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप को लेकर न्यूजीलैंड की तैयारियां जोरों पर हैं। व्हाइट फर्न्स ने आगामी विश्व कप की तैयारी के लिए अगस्त में चेन्नई में ट्रेनिंग कैंप आयोजित किया, ताकि स्पिन-अनुकूल परिस्थितियों के अनुरूप ढल सकें। विमेंस वर्ल्ड कप 2025 की शुरुआत 30 सितंबर से होने जा रही है। 1 अक्टूबर को टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। न्यूजीलैंड का अगला मुकाबला 6 अक्टूबर को साउथ अफ्रीका से होगा। इसके बाद टीम 10 अक्टूबर को बांग्लादेश से भिड़ेगी। न्यूजीलैंड की विमेंस वर्ल्ड कप टीम की घोषणा 10 सितंबर को होगी।

## अगले साल भारत में होगा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप,

# बीएआई ने भव्य आयोजन का किया वादा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) विश्व चैंपियनशिप के लिए काफी उत्सुक है और उसने इस टूर्नामेंट की उत्कृष्टता और भव्यता को आगे बढ़ाने का वादा किया है। भारत को अगले साल होने वाले बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी मिली है। यह टूर्नामेंट 2026 में दिल्ली में आयोजित होगा। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) इसके लिए काफी उत्सुक है और उसने इस टूर्नामेंट की उत्कृष्टता और भव्यता को आगे बढ़ाने का वादा किया है। यह दूसरी बार होगा जब भारत इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। इससे पहले 2009 में हैदराबाद में विश्व चैंपियनशिप का आयोजन हुआ था।

**आठ साल बाद एशिया में होगा ये टूर्नामेंट** - दिल्ली की मेजबानी से टूर्नामेंट की आठ साल के बाद एशिया में वापसी होगी। चीन के नानजिंग ने 2018 सत्र की मेजबानी की थी। भारत टूर्नामेंट में सबसे निरंतरता के साथ पदक जीतने वाले वाले देशों में से एक है। भारत ने 1983 से अब तक 15 पदक जीते है जिसमें 2011 सत्र के बाद से हर आयोजन में कम से कम एक पदक जीतना शामिल है। बीएआई के मानद सचिव संजय मिश्रा ने कहा, हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि पेरिस ने जो उत्कृष्टता और भव्यता दखाई है भारत उन मानकों को बनाए रखने और आगे बढ़ाने के लिए अपना शत प्रतिशप प्रयास करेगा। हम वैश्विक बैडमिंटन परिवार का दिल्ली में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। यह घोषणा पेरिस में 2025 चैंपियनशिप के समापन समारोह के दौरान की गई। बीडब्ल्यूएफ अध्यक्ष खुनयिंग पटामा लीस्वदत्रकुल फेडरेशन फ्रैंकाइस डी बैडमिंटन के अध्यक्ष फ्रैंक लॉरेंट और बीएआई के मानद महासचिव संजय मिश्रा के बीच कार्यभार हस्तांतरण हुआ। बीएआई ने कहा, भारत के लिए दोबारा चैंपियनशिप की मेजबानी करना इस खेल की बड़ी ताकत और वैश्विक बैडमिंटन मानचित्र पर एक प्रमुख स्थल के रूप में मजबूत स्थिति को दर्शाता है।

## यूएस ओपनः

# बुब्लिक को हराकर लगातार 8वीं बार ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में सिनर

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** इटली के जैनिक सिनर ने अलेक्जेंडर बुब्लिक को शिकस्त देकर यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली, जहां उनका सामना हमवतन लोरेंजो मुसेट्टी से होगा। सिनर लगातार आठवें ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। वर्ल्ड नंबर 1 और गत यूएस ओपन चैंपियन सिनर ने बुब्लिक के खिलाफ 6-1, 6-1, 6-1 से जीत हासिल की। ??यह मुकाबला 81 मिनट तक चला। इस मुकाबले में बुब्लिक ने 13 डबल फॉल्ट किए। उन्होंने कुल 31 अनफोर्स्ड एरर किए।

24 वर्षीय सिनर लगातार आठवें ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे हैं। पिछली बार सिनर को इस चरण से पहले 2023 यूएस ओपन में हार का सामना करना पड़ा था। उस समय उन्हें चौथे राउंड में अलेक्जेंडर ज्वेरेव के हाथों शिकस्त झेलनी पड़ी थी। सिनर का सामना 10वीं वरीयता प्राप्त म्युसेटी से होगा। पहली बार किसी प्रमुख टूर्नामेंट में सिर्फ इतालवी पुरुषों का एकल क्वार्टर फाइनल होगा। वर्ल्ड नंबर 1 सिनर इस भिड़ंत में 2-0 के एटीपी हेड-टू-हेड रिकॉर्ड के साथ उतरेंगे। जैनिक सिनर ने मुकाबले से पहले कहा, यह देखना बहुत अच्छा है। इतालवी टेनिस इस समय शानदार फॉर्म में है। हमारे पास इतने सारे खिलाड़ी हैं, इतनी सारी अलग-अलग खेल शैलियां हैं।

## यूएस ओपनः

# क्वार्टर फाइनल में अनिसिमोवा, ओसाका ने गॉफ को चौंकाया



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** यूएस ओपन में अमांडा अनिसिमोवा ने बीट्रिज हद्दाद माइया को सीधे सेटों में 6-0, 6-3 से शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। अनिसिमोवा ने पहले ही गेम में हद्दाद माइया की सर्विस तोड़ी और उसके बाद उनका खेल और तेज हो गया। उन्होंने हद्दाद माइया को कोई मौका नहीं दिया। बेहतरीन सर्विस करते हुए कोर्ट पर गहरी और सटीक टू-हैंडेड बैकहैंड शॉट्स लगाए।

दूसरा सेट ज्यादा प्रतिस्पर्धी था। अनिसिमोवा को अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ यूएस ओपन प्रदर्शन को जारी रखने की चुनौती का सामना करना पड़ा। हद्दाद माइया की सर्विस फिर से शुरुआती गेम में टूटी, लेकिन लगातार सात गेम गंवाने के बाद उन्होंने एक ब्रेक हासिल किया। हालांकि, अनिसिमोवा ने तुरंत वापसी की, चौथे गेम में ब्रेक प्वाइंट से बचते हुए गेम को संभाला और हद्दाद माइया के धैर्य के बावजूद, आखिरी गेम में फिर ब्रेक लेकर जीत सुनिश्चित की। साल 2019 में रोलैंड गैरोस के सेमीफाइनल में पहुंची चुकीं अनिसिमोवा ने हद्दाद माइया पर जीत के साथ अपना ग्रैंड स्लैम रिकॉर्ड 42-22 कर लिया। इस सीजन का सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड 35-14 तक सुधार लिया।

## एशिया कप हॉकी 2025:

# भारत ने कजाकिस्तान को 15-0 से रौंदा, अभिषेक, सुखजीत सिंह और जुगराज सिंह ने दागी गोल की हैट्रिक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने बिहार के राजगीर में सोमवार, एक सितंबर 2025 को एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में कजाकिस्तान को 15-0 से रौंदकर जीत की हैट्रिक लगाई। भारतीय टीम एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट 2025 में पहले ही सुपर चार का टिकट पक्का कर चुकी थी। टीम ने इस बड़ी जीत के बाद पूल ए में अपना शीर्ष स्थान पक्का किया। भारत के लिए अभिषेक (5वें, 8वें, 20वें और 59वें मिनट), सुखजीत सिंह (15वें, 32वें, 38वें), जुगराज सिंह (24वें, 31वें, 47वें) हैट्रिक गोल करने वालों में शामिल रहे जबकि कप्तान हरमनप्रीत सिंह (26वें), अमित रोहिदास (29वें), राजिंदर सिंह (32वें), संजय सिंह (54वें), दिलप्रीत सिंह (55वें) ने गोल कर टीम को लगातार तीसरी जीत दिलाई।



**चीन और जापान को भी हरा चुका है भारत** - भारत ने अपने पहले दो मैचों में चीन और जापान को हराया था। भारत के साथ चीन भी इस पूल से सुपर चार के लिए क्वालिफाई करने में सफल रहा, जबकि मलेशिया और कोरिया पूल बी से अगले चरण में पहंचने वाली टीमें हैं।

# राशिद खान ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

## टी20 में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने, ये दिग्गज पीछे छूटे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूएई और अफगानिस्तान के बीच ट्राई सीरीज का तीसरा मुकाबला शारजाह क्रिकेट ग्राउंड में बीते 1 सितंबर को खेला गया। इस मैच को अफगानिस्तान ने 38 रन से अपने नाम कर लिया। अफगानिस्तान के कप्तान और स्टार लेग स्पिनर राशिद खान ने यूएई के खिलाफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने न्यूजीलैंड के टिम साउदी को पीछे छोड़ दिया। 26 साल के राशिद खान ने यूएई के खिलाफ 4 ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट लिए। उन्होंने एथन डीसूजा आसिफ खान और ध्रुव पराशर का शिकार किया। इसी के साथ राशिद खान टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने 98 मैचों में 165 विकेट ले लिए हैं। राशिद खान ने न्यूजीलैंड के दिग्गज टिम साउदी को पीछे छोड़ यह बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया है।

# यूएई के कप्तान ने तोड़ा रोहित शर्मा का वर्ल्ड रिकॉर्ड

## टी-20 इंटरनेशनल में जड़े सबसे ज्यादा छक्के



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज कप्तान रोहित शर्मा का एक ब?ा टी20 इंटरनेशनल रिकॉर्ड टूट गया है. उनके नाम इस फॉर्मेट में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा छक्के जड़ने का वर्ल्ड रिकॉर्ड था. जिसे यूएई के कप्तान मुहम्मद वसीम ने तोड़ दिया है. रोहित के नाम टी20 इंटरनेशनल में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा 105 छक्के लगाने का रिकॉर्ड था. लेकिन, अब वसीम ने कल खेले गए अफगानिस्तान के खिलाफ एक टी20 मैच में बतौर कप्तान 110 छक्के जडने का रिकॉर्ड बना लिया. उन्होंने अफगानी टीम के खिलाफ 6 छक्के लगाकर यह मुकाम हासिल किया. मुहम्मद वसीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ 37 गेंदों में 67 रन की पारी खेली. लेकिन बावजूद उसके टीम को 38 रन से हार झेलनी पडी.

**वसीम की कप्तानी पारी टीम के नहीं आई काम** - यूएई में खेली जा रही टी20 ट्राई सीरीज के तीसरे मैच में अफगानिस्तान ने यूएई को 38 रन से हराया. यूएई ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया. अफगान टीम ने बल्लेबाजी करते हुए बोर्ड पर 4 विकेट खोकर 188 लगाए।

**ये हैं सरकारी स्कूल के 'मासाब, मास्टरनी' शासन ले रहे हजारों और लाखों रुपए का वेतन और 'राष्ट्रपति' का सही नाम तक नहीं लिख पाए**

# इन शिक्षक शिक्षिकाओं के हवाले अध्यनरत बच्चों का भविष्य

**सरकारी शिक्षक को हर महीने हजारों और लाखों रुपए वेतन मिलता है, लेकिन उनकी शिक्षा और ज्ञान का स्तर कितना है ? विभाग ने कभी यह जानने का प्रयास ही नहीं किया। अब मामले सामने आ रहे हैं।**



दैनिक भेल पॉवर

**सागर।** देवरी कला। मध्य प्रदेश के सागर जिले के सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों को लेकर खुलासा हुआ है। सागर जिले के देवरी विकासखंड की स्कूलों के शिक्षकों के शिक्षा का स्तर सामने आया है। वे राष्ट्रपति का नाम भी लिखना नहीं जानते हैं। मामला सामने आने के बाद अब विभाग कार्रवाई की तैयारी में है। सरकारी शिक्षक को हर महीने हजारों और लाखों रुपए वेतन मिलता है, लेकिन उनकी शिक्षा और ज्ञान का स्तर कितना है ? विभाग ने कभी यह जानने का प्रयास ही नहीं किया। अब मामले सामने आ रहे हैं। नया मामला सागर जिले से सामने आया है। देवरी विकासखंड में कुछ शालाओं की हालत ऐसी है कि यहां बच्चों से विद्यालय का नाम पूछ लो तो जीभ और कलम दोनों अटक जाती हैं। जब बात आती है राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लिखने की तो बच्चों के साथ-साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं की भी हालत बगैर नेटवर्क के मोबाइल जैसी हो जाती है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर सरकारी स्कूलों में बच्चों का भविष्य बनाने वाला शिक्षकों का खुद का स्तर किस स्तर का है। आपको बता दें कि देवरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चिरचिटा सुखजू के ग्राम नरानपुर के शासकीय प्राथमिक शाला में पढ़ने वाले बच्चों से जब स्कूल का नाम पूछा तो बच्चों से स्कूल का नाम नही बना और लिखने को बोला तो लिखते भी नहीं बना और जब देश के राष्ट्रपति एवं राष्ट्रपिता का नाम पूछा तो बच्चों से नाम भी नहीं बना इसके बाद शाला प्रभारी मंजू बाई कुर्मी से बोला की आप ब्लैक बोर्ड पर विद्यालय का नाम लिखकर बताएं जब मैडम ब्लैक बोर्ड पर विद्यालय का नाम लिखने पहुंची तो प्रभारी महोदया मंजू बाई कुर्मी पर भी विद्यालय का नाम लिख रही मिटा रही और फिर लिख रही तब जाकर उन पर विद्यालय का नाम लिख कर बना इसी प्रकार आगे जाकर जब बच्चों से राष्ट्रपिता एवं राष्ट्रपति का नाम पूछा तो बच्चों पर नहीं बना इसके बाद शाला प्रभारी मंजू बाई कुर्मी से राष्ट्रपिता का नाम ब्लैकबोर्ड पर लिखने को कहा तो सही लिख दिया लेकिन जब राष्ट्रपति लिखने की बारी आई तो कुछ सही तो कुछ गलत वहां की शाला प्रभारी मंजू बाई कुर्मी ने राष्ट्रपति का नाम लिखा । अंदाजा लगा सकते हैं कि जब वहां की शाला प्रभारी मंजू बाई कुर्मी से हमारे देश के राष्ट्रपति का नाम भी लिखकर नहीं बन रहा तो वहां पढ़ने वाले बच्चों का आगे जाकर भविष्य क्या होगा । वहां पर पढ़ने वाले बच्चों के परिजन एवं जागरूक नागरिकों से बात की तो नरानपुर शासकीय प्राथमिक शाला में जो पदस्थ प्रभारी मंजू बाई कुर्मी है वह रोजाना 12 बजे के बाद विद्यालय में आती हैं। वह बिल्कुल भी बच्चों को नहीं पड़ाती हैं तो बच्चों पर क्या बनेगा हमारे घर के बच्चे भी इस विद्यालय में पढ़ते हैं लेकिन उन पर कुछ नहीं बनता है बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इसी प्रकार और भी ग्रामीणों ने बताया कि जो मैडम द्वारा शौचालय का निर्माण करवाया है वह भी अभी चालू नहीं हुआ है जिस कारण से बच्चे बाथरूम करने के लिए सड़क पर जाने को मजबूर है एवं कुछ ग्रामीणों ने नाम ना बताने की सर्त पर बताया की शाला प्रभारी मंजू बाई कुर्मी बच्चों को पड़ाने की जगह कभी-कभी कुर्सी पर बैठी बैठी सो जाती है और यदि बच्चों के विषय में कोई भी बात करें तो वह लड़ने के लिए तैयार हो जाती हैं । ऐसी शिक्षिकाओं पर ना तो कुछ बच्चों को पढ़ाते बनता है वह केवल विद्यालय आ जाती हैं और बैठी रहती हैं शासन की राशि का इनके लिए तनख्वाह के जरिए दुरुपयोग किया जा रहा है इनकी जगह यदि कोई पढ़ा लिखा युवा विद्यालय में पदस्थ किया जाए जिससे कि वह बाहुल्य क्षेत्र के बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके शाला प्रभारी मंजू बाई कुर्मी द्वारा बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जांच कर कार्रवाई होनी चाहिए । इसी प्रकार शासकीय प्राथमिक शाला हथखोह जब मीडियम टीम वहां पर पहुंची तो वहां व पर पदस्थ शाला प्रभारी कटारे सर एवं शिक्षिका विभा दुबे पदस्थ हैं लेकिन वहां पर शाला प्रभारी कटारे सर अनुपस्थित पाए गए जब मैडम से शाला प्रभारी कटारे सर की अनुपस्थित पाए जाने के विषय में बात की तो उन्होंने बोला कि उनकी तबीयत सही नहीं है जिस कारण वह विद्यालय नहीं आ सके । एवं वहाँ पर पढ़ने वाले बच्चों से हमारे देश के राष्ट्रपिता एवं राष्ट्रपति का नाम जानना चाहा तो वहां पर पढ़ने वाले बच्चों पर नाम ना तो लिखते बना और ना तो बोलते बना इसके बाद जब शिक्षिका विभा दुबे वहां पर पढ़ने वाले बच्चों की शिक्षा की विषय में बात की तो उन्होंने बोला कि मैं इस संबंध में कोई भी जवाब नहीं दे सकती यहां पर जो शाला प्रभारी हैं आप उनसे बात करना । जब इस संबंध में स किए प्राथमिक शाला हाथ कोई शाला प्रभारी सर कटारे से फोन पर बात की तो उन्होंने बोला कि मैं तो विद्यालय में उपस्थित नहीं था मैं क्या कह सकता हूं। इसी प्रकार शासकीय प्राथमिक शाला कटंगी पहुंचे तो वहां पर एक शिक्षक सुरेंद्र पड़रया एवं शाला प्रभारी सीमा मिश्रा पदस्थ हैं जिसमें शाला प्रभारी सीमा मिश्रा अनुपस्थित पाई गई। जब वहां के पढ़ने वाले बच्चों से राष्ट्रपति एवं राष्ट्रपिता का नाम पूछा तो ना तो उन पर पढ़ते बना और ना ही ब्लैक बोर्ड पर लिखकर बना वहां पर पदस्थ शिक्षक सुरेंद्र पड़रया से हमारे देश की राष्ट्रपति का नाम ब्लैक बोर्ड पर लिखने को बोला तो उन पर भी राष्ट्रपति का नाम सही ढंग से लिखकर नहीं बना । इसी प्रकार एक परिसर एक शाला शासकीय माध्यमिक शाला पथरिया दुबे विद्यालय पहुंचे तो वहाँ का भी यहीं आलम देखने को मिला जहां के कक्षा सातवीं और कक्षा आठवीं के अध्यनरत बच्चों से हमारे देश की राष्ट्रपति का नाम पूछा तो नहीं बना और ब्लैक बोर्ड पर लिखने को कहा तो वह भी नहीं बना और जब वहां के पदस्थ शिक्षक एवं शिक्षिका से ब्लैक बोर्ड पर लिखने को कहा तो उन पर भी सही ढंग से हमारे देश के राष्ट्रपति का नाम लिखकर नहीं बना। आप स्वयं अंदाजा लगा सकते हैं कि विद्यालयों में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का शिक्षा का स्तर जब इस प्रकार है तो वहां के पढ़ने वाले बच्चों का शिक्षा का स्तर किस प्रकार होगा ।

> आप जिस जिस विद्यालय गए हैं और जिन शिक्षकों पर राष्ट्रपति का नाम नहीं लिखते बना है आप खबर प्रकाशित कर मुझे भेजिए मैं तत्काल कार्रवाई करूंगा ।
>
> **अरविंद जैन,** जिला शिक्षा अधिकारी

## स्मार्ट मीटर पूरी तरह पारदर्शी और सटीक, असंतुष्ट हैं तो चेक मीटर लगवाएं

दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि स्मार्ट मीटर पूरी तरह से पारदर्शी और सटीक हैं, यदि किसी उपभोक्ता को संतुष्टि नहीं है तो वह चेक मीटर लगाने का आवेदन दे सकता है। कंपनी ने कहा है कि स्मार्ट मीटर की स्थापना के दौरान पुराने मीटरों को बदला जा रहा है और उपभोक्ता परिसरों में नये स्मार्ट मीटर स्थापित किये जा रहे हैं। इस दौरान जो उपभोक्ता असंतुष्ट हैं उनके परिसरों में चेक मीटर भी स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि दोनों मीटरों की खपत का मिलान किया जा सके। कंपनी ने कहा है कि अभी तक कंपनी कार्यक्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर कुल 07 हजार 39 चेक मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। हालांकि जहां-जहां भी चेक मीटर लगाए गए हैं, वहां पर रीडिंग में कोई अंतर नहीं पाया गया है। सभी उपभोक्ता स्मार्ट मीटर की रीडिंग से संतुष्ट हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया कि उपभोक्ताओं की मांग पर अभी तक भोपाल शहर में 3219, भोपाल ग्रामीण में 14, बैतूल में 22, नर्मदापुरम में 112, रायसेन में 70, राजगढ़ में 01, सीहोर में 1048, विदिशा में 857, अशोक नगर में 17, भिण्ड में 26, ग्वालियर शहर में 561, दतिया में 31, गुना में 844, ग्वालियर ग्रामीण में 96, हरदा में 43, मुरैना में 50, श्योपुर में 22 तथा शिवपुरी में 6 चेक मीटर लगाए गए हैं। अभी तक स्मार्ट मीटर तथा चेक मीटर की रीडिंग में शत- प्रतिशत समानता पाई गई है। कंपनी ने कहा है कि स्मार्ट मीटर में बगैर किसी मानवीय हस्तक्षेप के स्वचलित तरीके से बिजली की खपत दर्ज होती है, जिसकी जानकारी उपभोक्ता किसी भी समय मोबाइल पर उपाय एप के माध्यम से प्राप्त कर सकता है। उपभोक्ताओं के परिसर पर मीटर लगाने के पहले विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 100 प्रतिशत स्मार्ट मीटरों की एन.ए.बी.एल लैब में टेस्टिंग करवाई जा रही है। कंपनी ने कहा है कि जहाँ भी चेक मीटर लगाये गये हैं वहाँ पर उपभोक्ताओं द्वारा स्मार्ट मीटर और चेक मीटर की रीडिंग में अंतर की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। फिर भी जिन उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की रीडिंग से शिकायत है वो स्मार्ट मीटर के साथ चेक मीटर लगवा सकते हैं। इसके लिए उन्हें अपने जोन अथवा वितरण केन्द्र में आवेदन करना होगा।

## उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट मीटर बना वरदान, दिन के टैरिफ में 20 प्रतिशत की छूट

### अगस्त माह में 2,41,592 उपभोक्ताओं को उनके मासिक विद्युत बिल में दी 03 करोड, 30 लाख की रियायत

दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल ।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को दिन के टैरिफ में 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी (यदि कोई हो) को छोड़कर की जा रही है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटरिंग पहल के अंतर्गत, माह अगस्त 2025 के दौरान कुल 2,41,592 उपभोक्ताओं को उनके मासिक विद्युत बिल में टाइम ऑफ डे (ToD) छूट का लाभ प्रदान किया है, जिसकी कुल राशि 03 करोड़, 30 लाख रूपए है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनकी खपत के आधार पर ये छूट दी गई है। कंपनी ने बताया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए जिसमें घरेलू, गैर घरेलू, सार्वजनिक जल कार्य और स्ट्रीट लाइट और निम्नदाब औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए सोलर ऑवर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट 10 किलोवाट तक स्वीकृत लोड / अनुबंध मांग वाले उपभोक्ताओं को ही दी जा रही है। **स्मार्ट मीटर के फायदे-** 1. ऊर्जा की खपत को ट्रैक करने और ऊर्जा की बचत करने में मदद करता है। 2. बिजली की खपत को सटीक रूप से मापता है, जिससे बिल में कोई गलती नहीं होती। 3. एप के जरिए मोबाइल पर रियल-टाइम डेटा देखकर ऊर्जा की खपत को नियंत्रित कर सकते हैं। 4. ऊर्जा की गुणवत्ता के बारे में जानकारी मिलती है, ताकि ऊर्जा की खपत को बेहतर बना सकते हैं। 5. ऊर्जा की खपत को ऑनलाइन ट्रैक करने और नियंत्रित करने की सुविधा मिलती है। 6. ऊर्जा की खपत को कम करने से पर्यावरण पर पड़ने वाला प्रभाव कम होता है। 7. ऊर्जा की खपत को नियंत्रित करने और ऊर्जा की बचत करने में मदद कर सकता है।

## बिजली कंपनी ने करंट से होने वाली दुर्घटनाओं से बचने किया आगाह

### धार्मिक जुलूस के दौरान खुले तार न रखें, हाईटेंशन लाइनों से दूरी बनाएं रखें

दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आम जनता से आग्रह किया है कि धार्मिक जुलूस के दौरान बिजली के खुले तार न रखें, साथ ही हाईटेंशन लाइनों से पर्याप्त दूरी बनाएं रखें। करंट से होने वाली संभावित दुर्घटनाओं से बचने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक है। बिजली कंपनी ने कहा है कि इन दिनों गणेशोत्सव चरम पर है। जगह-जगह झांकियां सजाई गई हैं, बड़े-बड़े पंडालों में गणेश प्रतिमाएं विराजमान हैं। पंडालों में रोशनी के लिए अस्थाई कनेक्शन लेकर व्यवस्थाएं भी की गई हैं। ऐसे में ध्यान देने योग्य बात यह है कि बिजली के तार खुले छोड़ने अथवा जगह-जगह ज्वाइंट होने पर करंट लगने का खतरा बना रहता है। इसलिए बिजली के तारों को खुले न छोड़ें। इन्हें बच्चों की पहुंच से दूर रखें तथा इंशुलेटेड तार का ही उपयोग करें। इसी तरह जुलूस के दौरान भी झांकी में रोशनी करने के लिए लगाए गए बिजली के तार तथा अन्य उपकरणों को पहुंच से दूर रखें ताकि करंट से किसी तरह की कोई दुर्घटना घटित न होने पाए। हाथ ठेले पर या बड़े वाहन पर झांकी निकालने के दौरान बिजली के खबों, तार तथा हाईटेंशन लाइनों से दूरी बनाएं रखें। यदि जरूरत पड़े तो बांस अथवा लकड़ी के सहारे से बिजली के तार को हटाएं। उन्हें हाथ से हटाने की जोखिम न लें। कंपनी ने कहा है कि जरा सी असावधानी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए आमजन भी करंट से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम में सहयोग करें एवं बिजली लाइनों तथा ट्रांसफार्मर से उचित दूरी बना कर ही झांकी-पंडाल लगाएं ताकि करंट से होने वाली संभावित दुर्घटना से बचा जा सके। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील में कहा है कि विद्युत लाइनों /ट्रांसफार्मरों एवं उपकरणों के साथ छेड़छाड़ न करें तथा सुरक्षित दूरी बनायें रखें। यदि कही बिजली के तार टूटे हों तो इसकी सूचना तत्काल शिकायत कॉल सेंटर के टोल फ्री नं. 1912 पर / उपाय एप एवं समीप के वितरण केन्द्र कार्यालय में दें। जमीन पर पड़े तारों को छूने या स्पर्श करने की गलती न करें साथ ही पार करने का प्रयास न करें। बारिश के दौरान विद्युत खम्बे /स्टे के पास पानी भराव वाले स्थान से निकलने की जल्दी न करें। सावधानी अवश्य बरतें क्योंकि बारिश के दौरान करंट लीकेज की संभावनाएं बढ़ जाती हैं।

## नेहरू नगर जैन मंदिर में पर्यूषण पर्व धूमधाम से

दैनिक भेल पॉवर





**भोपाल।** श्री 1008 मूलनायक अजितनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, नेहरू नगर में श्रवण मुनि श्री 108 विनंदसागर जी मुनिराज के सानिध्य में आत्मशुद्धि का महापर्व - पर्यूषण 28 अगस्त से 6 सितम्बर 2025 तक बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। आचार्य श्री 108 विनम्रसागर जी महामुनिराज के शिष्य मुनि श्री 108 विनंदसागर जी मुनिराज एवं क्षुल्लक श्री 105 विश्वगुणसागर जी के पावन सान्निध्य में प्रतिदिन भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन-पाठ, मंगल प्रवचन, तत्वार्थ सूत्र वाचन, प्रतिक्रमण एवं पृच्छा-समाधान का आयोजन हो रहा है। सातवें दिन मुनिश्री ने उत्तम तप धर्म पर प्रवचन देते हुए बाह्य एवं अंतरंग तपों की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने तप के महत्व को आत्मशुद्धि और साधना की राह में अनिवार्य बताया। सायंकालीन बेला में पारस युवा मंडल, जैन महिला परिषद एवं पाठशाला परिवार द्वारा धार्मिक अंतराक्षरी, नाटक, तंबोला, फनी जोड़ी, भक्ति-नृत्य-गायन जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन प्रतिदिन हो रहा है। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में श्री वीतराग दर्शनालय समिति के अध्यक्ष श्री नेमीचंद जैन, कोषाध्यक्ष श्री मनीष जैन सहित अनेक पदाधिकारी, श्रावक-श्राविकाएं सक्रिय सहयोग दे रहे हैं।

## खाद्य विभाग द्वारा प्रतिष्ठानों का निरीक्षण



दैनिक भेल पॉवर

कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह के आदेशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा बैरागढ़ में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों होटल, किराना दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबार कताओं को दुकान में स्वच्छता रखने एवं खाद्य पदार्थों को ढंक कर रखने के लिएनिर्देशित किया गया एवं खाद्य कारोबारकताओं को समझाइश दी गई कि किसी भी दशा में दूषित एवं खराब खाद्य सामग्री का विक्रय न करें। साथ ही खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। निरीक्षण किए गए प्रतिष्ठानों में नैना चाट भंडार से आलू बड़े का नमूना, बस स्टैंड पर संचालित बालाजी पूड़ी भंडार से मैदा का नमूना, नीलम रेस्टोरेंट से सोयाबीन तेल का नमूना और सौरभ प्वाइंट किराना दुकान से घी का नमूना लिया गया। इसी प्रकार एक अन्य कार्यवाही में जेके रोड स्थित चौकसे रेस्टोरेंट से दाल, चावल, आलू-मटर की सब्जी एवं आटा के नमूने एवं गोविंदपुरा स्थित सेलर्स बेकरी से ब्रेड के सैंपल संगृहित किये। उक्त सभी नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर जांच परिणाम के आधार पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम अनुसार कार्यवाही की जाएगी ।निरीक्षण दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री जेपी विश्वकर्मा और श्री जेपी लववंशी उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति अंतर्गत हब महिला सशक्तिकरण केंद्र एवं वन स्टॉप सेंटर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

दैनिक भेल पॉवर



**सागर ।** कलेक्टर सर के निदेर्शानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमान भरत राजपूत के मार्गदर्शन में परियोजना सागर शहरी 1 के आँगनवाड़ी केंद्र राजीव नगर वार्ड में महिला सशक्तिकरण योजना अंतर्गत जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती रजनी बारोलिया, वन स्टॉप सेंटर प्रशासक रक्षा दुबे एवं वन स्टॉप सेंटर के समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। प्रशासक वन स्टॉप सेंटर द्वारा समस्त आँगनवाड़ी कार्यकताओं एवं महिलाओं को मिशन शक्ति के विभिन्न घटकों की जानकारी दी गयी हब महिला सशक्तिकरण केंद्र एवं वन स्टॉप सेंटर के बारे में विस्तार से बताया गाया ,गुड़ टच बेड टच, आपातकालीन हेल्पलाइन (112) ,चाइल्ड हेल्पलाइन (1098), पास्को एक्ट, महिला हेल्पलाइन (181) साइबर क्राइम पर जागरूकता संवाद किया। सभी आँगनवाड़ी कार्यकताओं को हब एवं वन स्टॉप सेंटर द्वारा दी जाने वाली सभी सेवाओं को विस्तार से समझाया गया जिससे वह केंद्र पर आने वाले हितग्राहियों को महिला सशक्तिकरण योजना की जानकारी दे पाए।

## ''काला दिवस'' के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, एसपी को सौंपेंगे ज्ञापन

दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर।** शहर में हुए राजनीतिक घटनाक्रम के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को प्रदर्शन का आह्वान किया है। कांग्रेस ने इस दिन को सीहोर की राजनीति का काला दिवस बताते हुए कहा कि उनके कार्यकताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज किए गए हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया कि इस मामले में निष्पक्ष जांच और एफआईआर को खत्म करने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता गुरुवार को दोपहर 12 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय से पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपने के लिए निकलेंगे। इस प्रदर्शन में सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता, समन्वय समिति के सदस्य, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, अल्पसंख्यक, एसटी, एससी प्रकोष्ठ सहित सभी विभागों और प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल होंगे। जिला कांग्रेस कमेटी ने सभी कांग्रेस समर्थित जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं से इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।




## सांसद श्री शर्मा की अध्यक्षता में ट्रैफिक व्यवस्था संबंधी बैठक संपन्न

दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** सांसद श्री आलोक शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में भोपाल शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के लेफ्ट टर्न, ब्लैक स्पॉट्स हेतु पीडब्ल्यूडी एवं नगर निगम द्वारा की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। सांसद श्री शर्मा ने ट्रैफिक रूट में आ रहे एमपीईबी के खंभों को हटाने के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही कंडम वाहनों के संबंध में कार्यवाही में गति लाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने भोपाल शहर में सवेर्लेंस कैमरे लगाए जाने की प्रगति की समीक्षा करते हुए इस कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम



सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री हरेंद्र नारायण, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती इला तिवारी, डीसीपी मुख्यालय श्रीमती श्रद्धा तिवारी, एडिशनल डीसीपी श्री बसंत कोल, एसीपी ट्रैफिक श्री अजय बाजपेयी, श्री विजय दुबे, सभी एसडीएम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**CHANGE OF NAME**

I, Govindprasad Vyas S/O Jagdishchandra Vyas R/O Gram Kundla Khurd, Post Melkheda, Teh Shamgad, Kundlakhurd, PO: Sathkheda, Mandsaur, Madhya Pradesh-458880 have changed name of my minor daughter Tulsi Vyas Alias Tamanna Vyas aged 15 years to Tamnna Vyash.

स्वत्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रामपाल सिंह परमार द्वारा जय माता प्रिंटर्स, 28, कुम्हारपुरा, चर्च रोड, जिंसी चौराहा, जहांगीराबाद, भोपाल, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं 49 वर्धमान ग्रीन एन्क्लेव दामखेड़ा, सागर लैंड मार्क के पास अयोध्या बायपास, भोपाल (मप्र) से प्रकाशित। संपादक रामपाल सिंह परमार। समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार (समस्त न्यायिक मामलों का क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा) फोन नं. - 8770932048